तापमान

अधिकतम 32.4 डिग्री

न्यूनतम 21.4 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

12 25 साल से एक ही पार्षद, फिर भी वार्ड प्यासा ...



13 स्वच्छता के संकल्प से मिलेगी नई पहचान ...



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



न्यु ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

विधायक ललित चंद्राकर ने विस में उठाया था मुद्दा, निर्माण में भी लगातार सामने आते रही है अनियमितता

घोटालों का अड्डा बनी कामधेनु यूनिवर्सिटी, गड़बड़ी के बाद भी हुआ रिटन एग्जाम, इंटरव्यू सहित प्रक्रिया रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अस्तित्व में आने के बाद से घोटालों और गड़बड़ियों को लेकर चर्चा में रहने वाले कामधेनु यूनिवर्सिटी में एक नई अनियमितता सामने आई है। चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए प्राध्यापकों की भर्ती में गड़बड़ी की गई।

सारे नियम कायदों को ताक पर रखा गया। इतना ही नहीं शिकायत और जांच के दौरान भी प्रक्रिया को पूरा करने का प्रयास किया गया। एक दिन पहले 1 अक्टूबर को रिटन एग्जाम तक ले लिया गया। इसके बाद ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने इस पूरे मामले में पुनः शिकायत की। इसके बाद देर शाम पूरी प्रक्रिया पर ही रोक लगा दी गई। बता दें कि प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को इंटरव्यू होना था, लेकिन प्रक्रिया नहीं हो सकी। जानकारी के मुताबिक करीब 100 पदों पर भर्ती निकाली गई है। इसमें बिलासपुर और अंजोरा कॉजेल सहित अन्य जगहों पर प्राध्यापकों की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा कामधेनु यूनिवर्सिटी में पिछले कुछ समय से लगातार कार्यों में भी गड़बड़ी सामने आई है।

विभागीय मंत्री रामविचार नेताम के आदेशों की अनदेखी करते हुए लोक निर्माण विभाग को काम दिए गए। इतना ही नहीं टेंडर कम का जारी हुआ और एजेंसी को अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया। इस प्रकार की कई अनियमितताओं को सामने आने के बाद कार्यों पर भी रोक लगा दी गई है। बता दें कि ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर अलग-अलग स्तर पर इस पूरे मामले की शिकायत कर चुके हैं। उन्होंने मामला विधानसभा में भी उठाया, जिसके बाद शासन ने कार्यों और भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।

52 लाख का काम, भुगतान कर दिया 90 लाख का

जानकारी के मुताबिक विधायक ललित चंद्राकर ने शासन स्तर पर जो शिकायत की है, उसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। कामधेनु यूनिवर्सिटी में नवंबर 2024 में रिसर्च टॉवर बिल्डिंग का काम स्वीकृत कराया गया। इसके बाद इस बिल्डिंग के निर्माण में दो साल लगे। कार्य एजेंसी को 90 लाख का भुगतान कर दिया गया। भुगतान किन परिस्थितियों में किया गया, इसे लेकर कोई आधार स्पष्ट नहीं किया गया। खास बात यह है कि बिल्डिंग का काम अब भी अधूरा है। इसके अलावा कामधेनु यूनिवर्सिटी में हुई कई अन्य कार्यों में भी अनियमितता बरती गई। 2.75 करोड़ के मल्टीफंगशनल ट्रेनिंग सेंटर, कवर्धा में फिशरीज कॉलेज का 30 करोड़ में बना ब्वाज और गर्ल्स हॉस्टल, फूड प्रोसेसिंग यूनिट शेड सहित अन्य कार्य शामिल हैं। खबर है कि यूनिवर्सिटी के अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी। इसके बाद विधायक ने पूरे मामले को लेकर संज्ञान में लिया।



कामधेनु विवि में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं : ललित



कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का मुद्दा लगातार उठाया गया था। विधानसभा में विश्वविद्यालय में भवनों के निर्माण, रखरखाव कार्यों में गड़बड़ी और शैक्षणिक पदों पर भर्ती में अनियमितता को लेकर प्रश्न लगाए थे। संज्ञान लेते हुए राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। राजभवन द्वारा जारी आदेश क्रमांक 3852/6925/2026/रास/यू-11, दिनांक 01 अक्टूबर 2026 में विश्वविद्यालय अधिनियम 2011 की धारा-52 के तहत चल रही जांच की प्रगति के निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं तथा शैक्षणिक पदों पर समस्त भर्ती, नियुक्ति एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। विधायक ने दोहराया कि कामधेनु विश्वविद्यालय किसानों और पशुपालकों के भविष्य का केंद्र है, वहां भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। राजभवन के इस आदेश से दोषियों पर कार्रवाई होगी और विवि में पारदर्शिता आएगी।

भर्ती प्रक्रिया को लेकर कार्य परिषद से नहीं ली गई अनुमति

भर्ती प्रक्रिया में लगातार अनियमितता बरती गई। नियम-कायदों को ताक पर रखा गया। मुख्य रूप से कार्य परिषद में प्रक्रिया को लेकर अनुमोदन नहीं लिया गया। इसमें सबसे पहले निर्धारित रोस्टर का पालन नहीं किया गया। स्क्रूटनी के लिए बाहर से टीम बुलाई गई, लेकिन इसके बारे में कार्य परिषद को जानकारी नहीं दी। इतना ही नहीं जो पैरामीटर तय हुए, उसका भी अनुमोदन नहीं कराया गया। दावा आपत्ति के लिए सिर्फ तीन दिन का समय दिया गया। इसे लेकर भी अभ्यर्थियों ने नाराजगी व्यक्त की। कार्यों में कई काम ऐसे कराए गए, जो नियमतः विभागीय इंजीनियरिंग की टीम से कराए जाने थे, लेकिन लोक निर्माण को काम दिया गया। इसमें कई कार्यों में अनियमितता और गड़बड़ी सामने आई। कार्य एजेंसी बीच में ही काम छोड़कर भाग खड़ी हुई। लगातार शिकायतों के बाद जांच भी नहीं कराई गई। वर्तमान में शासन स्तर पर ही प्रारंभिग जांच के बाद प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई।

डॉ. जामगड़े को मिला जिला शहरी स्वास्थ्य अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग की ओर से जारी आदेश के तहत डॉ. संजय कुमार जामगड़े, चिकित्सा अधिकारी शहरी परिवार कल्याण केंद्र सुपेला भिलाई को आगामी आदेश तक उनके मूल कार्य के अतिरिक्त शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी भिलाई का प्रभार सौंपा गया है।

आदेश के तहत डॉ. जामगड़े अपने मूल दायित्वों के साथ अतिरिक्त रूप से शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी भिलाई की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह आदेश कलेक्टर दुर्ग द्वारा अनुमोदित किया गया है। शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन और विभागीय गतिविधियों के समन्वय में शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में डॉ. जामगड़े को अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद भिलाई क्षेत्र की शहरी स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी भी उनके पास रहेगी।

- सुपेला शहरी परिवार कल्याण केंद्र के चिकित्सा अधिकारी को आगामी आदेश तक सौंपी गई जिम्मेदारी

जारी आदेश के मुताबिक यह जिम्मेदारी आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी। डॉ. जामगड़े को उनके वर्तमान पद के साथ अतिरिक्त प्रभार दिए जाने से भिलाई के शहरी स्वास्थ्य प्रशासन में अब दोहरी जिम्मेदारी उनके पास होगी।

महिला से पर्स की उठाईगिरी

भिलाई। तीजा मनाकर ससुराल आ रही महिला के साथ उठाईगिरी हो गई। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि भिलाई तीन निवासी यशोदा साहू अपने मायके ग्राम लेंजवारा (बेरला) से तीजा मनाकर दो बच्चों के साथ रुबी बस सीजी 07 सीएक्स 1664 से आ रही थी। पर्स के भीतर चोटा डिब्बा में सोने का हार 12 ग्राम 40 हजार 625 रुपए का रखी हुई थी। पावर हाऊस बस स्टैण्ड पुराना ओव्हर ब्रिज के नीचे हरियाणा ट्रेड्रर्स के सामने बस से उतर रही थी। तभी पीछे से स्कार्फ बांधी अज्ञात महिला भी उतरी है।

खबर संक्षेप

घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

निकुम। अंडा थाना क्षेत्र के निकुम रेस्ट हाउस के पास बीते 29 सितंबर की शाम करीब 7.30 बजे सड़क हादसे में घायल हुए 26 वर्षीय युवक नरेंद्र धनकर की इलाज के दौरान मौत हो गई। अंडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरेंद्र धनकर बाइक से अपने घर निकुम लौट रहे थे। इसी दौरान रेस्ट हाउस निकुम के पास सड़क किनारे गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद घायल नरेंद्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शंकराचार्य अस्पताल भिलाई रेफर किया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान बीती रात उन्होंने दम तोड़ दिया, घटना के बाद शव का पोस्टमार्टम दुर्ग में कराया गया। वहीं अंडा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।



5 अक्टूबर को पहुंचेंगे, आरोप पत्र दाखिल करेगी ईओडब्ल्यू

कोल लेवी मामले में विधायक देवेंद्र को ईओडब्ल्यू ने जारी किया नोटिस, तीन दिन बाद होंगे पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पांच सौ चालीस करोड़ के कोल लेवी मामले में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने नोटिस जारी किया है। ईओडब्ल्यू ने उन्हें 5 अक्टूबर की सुबह 10.30 बजे रायपुर की विशेष अदालत में पेश होने का नोटिस दिया है। जांच एजेंसी इस मामले में अपनी जांच पूरी कर आरोप पत्र पेश करेगी। मिली जानकारी के मुताबिक सितंबर के आखिरी सप्ताह में भी देवेंद्र यादव से रायपुर स्थित आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के दफ्तर में दो घंटे से ज्यादा पूछताछ हुई थी। पूछताछ के मुख्य आधार सूर्यकांत तिवारी से जुड़ी जांच में मिली डायरी में देवेंद्र यादव का नाम और पैसों के लेन-देन से जुड़ी जानकारी बताई गई है। मामले की शुरुआत 15 जुलाई 2020 से हुई थी। उस समय कोयला परिवहन के लिए इस्तेमाल होने वाली ऑनलाइन अनुमति व्यवस्था में बदलाव कर मैन्युअल प्रक्रिया शुरू की गई। जांच एजेंसियों के मुताबिक कोयला कारोबारियों और परिवहन करने वालों से हर टन पर 25 रुपए की अवैध वसूली का रास्ता बना। जुलाई 2020 से जून 2022 के बीच इस तरीके से करीब 540 करोड़ रुपए जुटाए जाने का आरोप है। जांच में रायगढ़, कोरबा और सूरजपुर जैसे कोयला उत्पादक जिलों में इस वसूली की व्यवस्था चलने की बात सामने आई है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के हालिया आदेशों में भी जांच एजेंसी के इसी आरोप और 15 जुलाई 2020 के आदेश का उल्लेख है। जांच के मुताबिक ऑनलाइन व्यवस्था में बदलाव के बाद कोयला परिवहन की अनुमति के लिए खनन कार्यालय से मैन्युअल मंजूरी जरूरी हो गई। यही प्रक्रिया बाद में अवैध वसूली का जरिया बनी। जांच एजेंसियों के मुताबिक, कोयला कारोबारियों पर अनुमति लेने के लिए तय रकम के अलावा 25 रुपए प्रति टन देने का दबाव बनाया जाता था।



डायरी से खुला था बड़ा राज

जांच एजेंसियों के मुताबिक मुख्य आरोपी सूर्यकांत तिवारी से जुड़ी जांच के दौरान डायरी और दूसरे दस्तावेज मिले थे। इनमें पैसों के लेन-देन का ब्योरा होने की बात सामने आई। इसी कड़ी में देवेंद्र यादव का नाम सामने आने के बाद उनसे पूछताछ की गई। जांच के बाद उन्हें भी आरोपी बनाया गया है। अब जांच एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि डायरी में दर्ज रकम और लेन-देन का वास्तविक संबंध क्या था। जांच में यह भी आरोप है कि अवैध तरीके से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल राजनीतिक गतिविधियों, चुनावी खर्च और संपत्तियां खरीदने में किया गया। प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी जांच में कहा था कि करीब 540 करोड़ रुपए की अवैध वसूली हुई और इसका एक हिस्सा नेताओं और अधिकारियों तक पहुंचा। इस मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने जनवरी 2024 में अपराध दर्ज किया था। प्रकरण में तत्कालीन अधिकारियों, कारोबारियों और राजनीतिक लोगों समेत कई लोगों के नाम सामने आए। देवेंद्र यादव का नाम भी सूची में शामिल किया गया था।

गांजा तस्करी करने वाला गिरफ्तार

भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अवैध रुप से गांजा की तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रुआबांधा बस्ती तालाब के पास दबिश दिया गया। जहां से पुलिस ने 1 किलो 260 ग्राम गांजा जब्त किया। जिसकी कीमत 1.20 लाख रुपए आंकी गई है। पूछताछ में युवक ने अपना नाम बजरंग नगर, कुंदरा पारा, गौरा चौरा के पास निवासी हरि देशमुख बताया है। उसके पास से पुलिस ने पुरानी बोरी के भीतर से प्लास्टिक झिल्ली में लिपटा हुआ 1 किलो 260 ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला। दो मोबाइल भी बरामद हुआ है। गांजा अपने कब्जे में रखकर रुवाबांधा बस्ती तालाब के पास संभावित ग्राहकों की तलाश में आरोपी जुटा रहा। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील करती है कि मादक पदार्थों की बिक्री, भंडारण,परिवहन से जुड़े किसी भी गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें। सूचना देने वाले की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।



- 1 किलो 260 ग्राम गांजा जब्त मुखबिर की सूचना पर दबिश

जामुल थाना क्षेत्र की है घटना

सूने मकान से पांच लाख के जेवरात पार, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसी कैमरों को खंगाला गया। फिलहाल पुलिस के हाथ कोई भी सुराग नहीं लगा है। जामुल पुलिस ने बताया कि प्लाट नंबर 70 सड़क 04 विवेकानंद नगर कोहका सुपेला निवासी विजय कुमार गुप्ता ने शिकायत किया कि उनके बड़े भाई 10 अगस्त 2026 को उपचार कराने नोएडा उत्तर प्रदेश परिवार समेत गए थे। मकान के आंगन के बाहर गेट का चाबी साफ सफाई के लिए काम करने वाली बाई को दिया था। 1 अक्टूबर की सुबह काम वाली बाई घर सफाई करने पहुंची तो मेन दरवाजे का ताला लगा हुआ बताई थी। 2 अक्टूबर की सुबह बड़े भाई सुरेश कुमार गुप्ता फोन कर मकतना में चोरी होने की सूचना दी। काम वाली बाई गायत्री साहू ने बड़े भाई को दरवाजा का कूंदा टूटे होने की सूचना दी थी। शिकायतकर्ता अपने भाई का मकान चेक करने गया था तो घर राज महल टाऊन रूम नं 46 वार्ड 22 कुरूद मकान के भीतर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान के आलमारी का मेन दरवाजा का कूंदा व लॉकर, बैडरूम का ताला तोड़ा गया था। सोने का जेवरातों में नेकलेस कान टाप्स, 7 नग सोने की अंगुठी, दो नग सोने का चैन, छः सोने की चुड़ी, सोने का सिक्का गायब मिला।



खबर संक्षेप

श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह आज से

भिलाई। श्री हनुमान मंदिर सनातन धर्म ट्रस्ट, सेक्टर-2, भिलाई के तत्वावधान में 3 से 9 अक्टूबर तक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 3 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा के पश्चात कथा व्यास मानस पीठाधीश्वर, जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामललाचार्य महाराज, मानसपीठ, खजुरीताल, जिला-मैहर मध्यप्रदेश के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक श्री हनुमान मंदिर सनातन धर्म ट्रस्ट, सेक्टर-2, भिलाई में होगा। कथा के माध्यम से श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति, ज्ञान एवं धर्म के संदेशों का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करेंगे। आयोजन के समापन के उपरांत 10 अक्टूबर शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आईपी मिश्रा की ओर से समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों से भव्य कलश यात्रा, श्रीमद् भागवत कथा एवं विशाल भंडारे में सपरिवार सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का सादर अनुरोध किया गया है।

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर कल

भिलाई। रविवार 4 अक्टूबर दोपहर 12 से 1 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन सतनाम भवन सेक्टर-6 भिलाई मे किया गया है। सेवाएं देने के लिए डॉ. एडी बनर्जी छाती रोग विशेषज्ञ, डॉ. जीवन लाल घीडले पेट लीवर रोग विशेषज्ञ, डॉ. गनवीर चाइल्ड रोग विशेषज्ञ, डॉ. संगीता पात्रे प्रसूति, निःसंतानता एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. रितु कुर्रे चर्म रोग विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे। यह जानकारी समिति के महासचिव एन आर गिलहरे ने दी है।

4 को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस सम्मान समारोह

दुर्ग। अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन 4 अक्टूबर को स्थान-स्वामी विवेकानंद भवन, जेल तिराहा चौक पदमनाभपुर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वृद्धजनों को सम्मिलित करते हुए वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य संबंधी, विधिक सहायता, माता-पिता भरण-पोषण अधिनियम की जानकारी, साइबर क्राईम की जानकारी प्रदान की जाएगी एवं उनके अनुरुप खेल-कूद, गीत-संगीत का भी आयोजन किया जाएगा तथा समस्त वरिष्ठजनों का जनप्रतिनिधियों के करकमलों द्वार सम्मान किया जाएगा।

विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

दुर्ग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रूआबांधा में विकासखंड स्तरीय चित्रकला पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में ब्लॉक के 68 हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चित्रकला में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक पोस्टर बनाकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

नशा मुक्ति के लिए विद्यार्थियों ने लगाई दौड़, नशामुक्त समाज का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सेवा संकल्प के तहत शुक्रवार को शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय साईंस कॉलेज में नशा मुक्ति और मादक पदार्थों पर नियंत्रण के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कारकार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अल्का बाघमार महापौर एवं सभापति, नपानि दुर्ग द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। इस रैली में महाविद्यालय के 400 छात्र-छात्राओं ने नशामुक्ति के नारों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिक और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सभापति एवं एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकार, अनिल कुमार पांडे कुलसचिव, हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग, अजय सिंह-प्राचार्य, साइंस कॉलेज, प्रदीप जांगड़े-नोडल अधिकारी, उच्च शिक्षा साइंस कॉलेज, अजय कल्याणी-संचालक, नशामुक्ति केन्द्र दुर्ग, भिलाई, चन्द्रशेखर अनमोले-प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज़ दुर्ग, भिलाई, पीएल साव गायत्री परिवार, एपी गौतम उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग, जंतराम ठाकुर नोडल अधिकारी साथ ही समाज कल्याण विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी भी कार्यक्रम को सफल बनाने में उपस्थित रहे। जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं के बीच नशा मुक्ति विषय पर केंद्रित भाषण और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

साइंस कॉलेज में नशा मुक्ति और मादक पदार्थों के नियंत्रण पर कार्यक्रम



कॉलेज के सभागार से शुरू हुई दौड़

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजित यह मैराथन दौड़ साइंस कॉलेज के मुख्य गेट से शुरू हुई। इसके बाद रैली मालवीय नगर चौक मेन रोड, आरटीओ ऑफिस, खालसा पब्लिक स्कूल, गर्ल्स कॉलेज, जेल रोड और पुलिस पेट्रोल पंप होते हुए यू-टर्न लेकर लगभग 3 किलोमीटर का सफर तय कर वापस साइंस कॉलेज परिसर में संपन्न हुई।

भिलाई-चरोदा के वार्ड-3 अकलोरडीह की स्थिति बदहाल

25 साल से एक ही पार्षद, फिर भी वार्ड प्यासा व बदहाल, पीने के पानी को मोहताज, पसरी गंदगी

वार्ड परिक्रमा
नगर निगम भिलाई-चरोदा

नल की पाइपलाइन बिछी लेकिन पानी नहीं आया







भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 3 अकलोरडीह में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को लेकर वार्डवासियों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि करीब 25 वर्षों से एक ही पार्षद के चुनाव जीतते आने के बावजूद वार्ड की कई बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। सबसे गंभीर समस्या पेयजल की बताई जा रही है। घरों तक नल जल योजना की पाइपलाइन तो बिछा दी गई, लेकिन पाइपलाइन में पानी नहीं आने से योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

वार्डवासियों के मुताबिक क्षेत्र में बोर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन लोगों का दावा है कि बोर का पानी केमिकलयुक्त है, इसलिए इसका इस्तेमाल पीने के बजाय मुख्य रूप से निस्तारी के लिए किया जाता है। पेयजल की जरूरत पूरी करने के लिए निगम की ओर से टैंकर भेजे जाते हैं, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि टैंकर भी नियमित और समय पर नहीं पहुंचता। ऐसे में गर्मी हो या सामान्य दिन, पानी के लिए लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। एक साल पहले नए ओवरहेड टंकी का निर्माण किया गया है लेकिन वह भी सूखा पड़ा हुआ है। वार्डवासियों के मुताबिक मुख्य सड़क के कुछ हिस्सों में बिजली के खंभे तक नहीं लगाए गए हैं। भारी वाहनों की आवाजाही और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के अभाव में रात के समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोग लंबे समय से सड़क पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और बिजली पोल लगाने की मांग किए जाने की बात कह रहे हैं।

कहीं अधूरी नाली, कहीं नाली का नामोनिशान नहीं

सीमा श्रीवास, पुष्पलता, राणु मानिकपुरी, सोनकी यादव ने बताया कि वार्ड के कई हिस्सों में नाली निर्माण अधूरा पड़ा है। कुछ स्थानों पर नाली बनी ही नहीं है। नतीजतन घरों और आसपास का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। बारिश के दिनों में स्थिति और खराब रहता है। सड़क किनारे जमा गंदा पानी न केवल आवागमन में परेशानी पैदा करता है, बल्कि साफ-सफाई व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है।



मुख्य सड़क पर गड्ढे, दिनभर दौड़ते भारी वाहन

रजवंती यादव, पितांबर यादव, मणिराम विश्वकर्मा, पूजा श्रीवास ने बताया कि अकलोरडीह की मुख्य सड़क भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग से दिनभर ट्रक और ट्रेलर जैसे भारी वाहन गुजरते हैं। भारी वाहनों के दबाव के बीच सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे होने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि सड़क की स्थिति लंबे समय से सुधार और चौड़ीकरण की मांग कर रही है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ।



मूलभूत सुविधाओं की समस्या



वार्डवासियों का सबसे बड़ा सवाल वार्ड के लंबे राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर है। भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष गिरिजा श्रीवास के अनुसार वार्ड 3 से संतोषी निषाद पिछले करीब 25 वर्षों से लगातार चुनाव जीतती आ रही हैं। इसके बावजूद वार्ड में आज भी सड़क, नाली, पानी और प्रकाश जैसी मूलभूत सुविधाओं की समस्या बनी हुई है। उनका आरोप है कि इतने लंबे कार्यकाल के बाद भी वार्ड के कई हिस्सों में ढंग की सड़क नहीं बन सकी, नालियों का निर्माण अधूरा है और मुख्य मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तक नहीं हो सकी।

पार्षद पति पर वार्ड से जुड़े कामकाज देखने का आरोप

भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष जिला भिलाई प्रमोद कुमार वर्मा ने पार्षद संतोषी निषाद पर चुनाव जीतने के बाद नियमित रूप से वार्ड का भ्रमण नहीं करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वार्डवासियों की समस्याओं को सुनने और मौके पर स्थिति देखने के लिए पार्षद की मौजूदगी कम ही दिखाई देती है। पार्षद पति विनोद निषाद ही वार्ड से जुड़े कामकाज देखते हैं। वर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि साफ सफाई के अभाव में नालियां बजबजा रही है। तीन से चार महीने में एक बार नाली की सफाई की जाती है।



लगातार किए जा रहे हैं विकास कार्य

लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। वार्ड में साफ सफाई निरंतर जारी है। मेरी पत्नी संतोषी निषाद पांचवीं बार पार्षद निर्वाचित हुई है। उनके साथ-साथ वार्ड का कामकाज मैं भी देखता हूं।
-विनोद निषाद, पार्षद पति

इंदिरा मार्केट के जर्जर दुकानों का होगा मेंटेनेंस



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

महापौर अलका बाघमार ने इंदिरा मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण कर बाजार की व्यवस्थाओं एवं व्यापारियों की समस्याओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार ने इंदिरा मार्केट फूल बाजार क्षेत्र के आसपास के व्यापारियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। महापौर अलका बाघमार द्वारा इदिरा मार्केट के जर्जर दुकानों के समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों के साथ बुधवार को अपने कक्ष पर बैठक आहुति कर मरमत कार्यों को लेकर कार्यो योजना बनाया जाएगा। महापौर ने कहा कि बैठक में अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक समाधान निकालने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

- बैठक में बनाई जाएगी कार्ययोजना

निरीक्षण के दौरान सभापति श्याम शर्मा ने इंदिरा मार्केट फूल बाजार के समीप स्थित जर्जर मूत्रालय की ओर महापौर एवं अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया। महापौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को बाजार क्षेत्र के मूत्रालय की आवश्यक मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए। महापौर ने निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे पसरा दुकान लगाने वाले दुकानदारों से भी चर्चा की। उन्होंने दुकानदारों को सड़क सीमा के भीतर ही दुकान लगाने की समझाइश दी। उन्होंने अधिकारियों को भी बाजार क्षेत्र में आवागमन सुचारू बनाए रखने तथा व्यवस्था पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि शहर के प्रमुख बाजारों में नागरिकों और व्यापारियों दोनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाएगा। समस्याओं का स्थल निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान उनके साथ निगम आयुक्त लीना कोसम, सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य देव नारायण चन्द्राकर, नीलेश अग्रवाल एवं रंजीता पाटिल, भवन अधिकारी प्रकाश थवानी तथा स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

शनिचरी बाजार चौक मार्ग होगा स्व. चैनसुख भट्टड़ मार्ग



दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग की सामान्य सभा में तहसील कार्यालय से बीजेपी कार्यालय होते हुए शनिचरी बाजार चौक तक मार्ग का नामकरण स्व. चैनसुख भट्टड़ मार्ग किए जाने का प्रस्ताव पारित होने के बाद व्यापारी संघ, महेश्वरी समाज एवं जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम पहुंचकर महापौर अलका बाघमार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने महापौर के कक्ष में पहुंचकर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा मार्ग के नामकरण की स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रतिनिधियों ने सभापति श्याम शर्मा का भी आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि स्व. चैनसुख भट्टड़ ने सामाजिक सरोकारों एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया, जिसे सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद जितेंद्र महोबिया, गंगा प्रसाद भट्टड, एल्डरमेन कांति लाल जैन, अजय तिवारी, संभव जैन, प्रकाश देशलहरा, अशोक राठी, कमल बियानी, इंदर बाकलीवाल, महेंद्र गांगवल, दीपक देशलहरा, महेंद्र कश्यप, संजू दुग्गड़, योगेश बढ़िया, महेंद्र लोढ़ा, प्रदीप बाकलीवाल, डीके जैन, मनोज छाबड़ा, डिंपल बड़जात्या, संजू महाराजे, शिवराज राउत आदि मौजूद थे।

कार्यकर्ताओं व मितानिनों का किया गया सम्मान

दुर्ग। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राजीव नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन बहनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर छोटे बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई। बच्चों को नियमित पोषण आहार उपलब्ध कराने तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, नन्हें बच्चों का उत्साहवर्धन कर उनके बेहतर भविष्य के लिए अभिभावकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और परिवारों को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा।

244 गांवों के 45 हजार से ज्यादा लोगों को मिले पट्टे

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



जमीन की नपाई को लेकर होने वाले आपसी विवादों और चक्कर काटने के झंझट से ग्रामीण आबादी को राहत मिलने लगी है। केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के तहत दुर्ग जिले में आधुनिक ड्रोन और जीआईएस तकनीक से पारदर्शी भू-मापन कर अधिकार अभिलेख (ई-पट्टा) तैयार किए जा रहे हैं। योजना की शुरुआत से लेकर अब तक जिले के कुल 244 गांवों के 45,795 हितग्राहियों को उनके मकान और आबादी जमीन का मालिकाना हक मिल चुका है।

- आबादी जमीन का मालिकाना हक मिला

सर्वे और रिकॉर्ड तैयार करने का काम तेजी से चल रहा है। चालू राजस्व वर्ष 1 अक्टूबर 2025 से अब तक में ही 162 गांवों के 27,707 हितग्राहियों के ई-अधिकार अभिलेख तैयार कर अंतिम रूप से प्रकाशित किए जा चुके हैं। इसमें पाटन के 55 गांवों के 10,364, धमधा के 55 गांवों के 5,448, अहिवारा के 14 गांवों के 5,283, दुर्ग के 18 गांवों के 4,877 और बोरी तहसील के 20 गांवों के 1,735 हितग्राही शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों का आबादी पट्टा अभिलेख तैयार कर कार्य 100% पूरा कर लिया गया है। बोरी की ग्राम मड़ियापार निवासी देविका बाई को 103.26 वर्ग मीटर का पट्टा मिला, जिससे भूमिहीन परिवार को सुरक्षित आधार मिल सका है।

भिलाई-3 पूर्णतः नगरीय क्षेत्र होने के कारण वहां यह योजना लागू नहीं है। सर्वे ऑफ इंडिया और भू-अभिलेखागार के बीच अनुबंध खत्म होने से शुरू में नक्शा सुधार अटका हुआ था। इसका हल निकालते हुए दुर्ग जिला प्रशासन ने पटवारियों व राजस्व निरीक्षकों को आर्क जीआईएस सॉफ्टवेयर का 15 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिलाया। इसके बाद दावा-आपत्तियों का निराकरण जिला और तहसील स्तर पर ही कर काम की रफ्तार बढ़ा दी गई।

केन्द्रीय जेल पहुंचकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बंदियों से भी की बातचीत

जेल पहुंचे डीजे, न्याय श्रुति और ई-साक्ष्य पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर ने बंदियों के अधिकारों, डिजिटल न्यायिक प्रक्रिया और सुधारात्मक व्यवस्थाओं की व्यापक समीक्षा की। न्याय केवल अदालत की चारदीवारी तक सीमित नहीं है। जेल की दीवारों के भीतर निरुद्ध प्रत्येक व्यक्ति तक भी न्याय की प्रक्रिया समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी रूप से पहुंचे-इसी दृष्टिकोण के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर ने मुख्यालय स्थित केन्द्रीय जेल, दुर्ग का निरीक्षण किया।

- विधिक सहायता, स्वास्थ्य और बंदियों के अधिकारों की दी जानकारी

निरीक्षण के दौरान बंदियों के अधिकारों, विधिक सहायता, स्वास्थ्य, स्वच्छता, भोजन, प्रकरणों की स्थिति, पुनर्वास एवं आश्रित परिवारों की समस्याओं के साथ-साथ न्यायिक प्रक्रिया में तकनीक के प्रभावी उपयोग, विशेषकर न्यायश्रुति एवं ई-साक्ष्य से संबंधित पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया।



बंदी के अधिकारों के साथ परिवार की चिंता का भी दिया परिचय

केन्द्रीय जेल दुर्ग का यह निरीक्षण केवल व्यवस्थाओं के भौतिक अवलोकन तक सीमित नहीं रहा। इसमें बंदी के अधिकार से लेकर उसके परिवार की चिंता, विधिक सहायता से लेकर डिजिटल न्यायिक प्रक्रिया और कारावास से लेकर पुनर्वास तक न्याय व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को एक साथ देखा गया। न्यायश्रुति और ई-साक्ष्य जैसे तकनीकी माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर जोर इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा रहा-जहां तकनीक का अंतिम उद्देश्य प्रक्रिया को नहीं, बल्कि न्याय को अधिक प्रभावी बनाना है। निरीक्षण के दौरान मुख्यक मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव उमेश कुमार भागवतकर, जेल अधीक्षक एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जेल से कोर्ट तक, न्याय की प्रक्रिया में तकनीक की भूमिका

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने इस बात पर विशेष बल दिया कि वर्तमान समय में न्यायिक प्रक्रिया में डिजिटल तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण हो रही है। ऐसे में जेल प्रशासन, विधिक सहायता व्यवस्था और न्यायालयीन प्रक्रिया के बीच बेहतर तकनीकी समन्वय आवश्यक है। न्यायश्रुति के माध्यम से साक्ष्य एवं न्यायिक कार्यवाही से जुड़ी प्रक्रियाओं तथा ई-साक्ष्य के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल साक्ष्य के न्यायालयीन उपयोग की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। इसका मूल उद्देश्य न्याय से अलग कोई व्यवस्था नहीं, बल्कि न्याय को अधिक सुलभ, व्यवस्थित और प्रभावी बनाने का माध्यम बने। सजायाफ्ता बंदियों के अपील संबंधी प्रकरणों को अद्यतन रखने तथा उन्हें उनके प्रकरण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने के संबंध में जेल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। नव-आगंतुक बंदियों को उनके प्रकरण से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के तरीके के बारे में बताया गया। साथ ही ऐसे बंदी जो निजी अधिवक्ता नियुक्त करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता एवं अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई।



खबर संक्षेप



पोस्टर चित्रकला में दिखाया 'मेरे सपनों का भारत'

जामुल। डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय, जामुल में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत गुरुवारको 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर पोस्टर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में हुई इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बी.कॉम. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा नैना देवी शर्मा ने प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर के छात्र सागर मेश्राम एवं छात्रा शताक्षी वर्मा को प्रदान किया गया। तृतीय पुरस्कार बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा प्रमेश्वरी एवं बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा ऋशिता श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक गण के रूप में डॉ. शशि कश्यप, गजेंद्र कश्यप, डॉ. संजय परगनिहा एवं डॉ. रचना चौधरी, बलराज ताम्रकार ने विद्यार्थियों के पोस्टरों का मूल्यांकन किया तथा उत्कृष्ट प्रविष्टियों का चयन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश कुमार मेश्राम सहित प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त हुए लाईनमेन का किया सम्मान



जामुल। सीएसईबी विद्युत वितरण केन्द्र जामुल में 40 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले लाईनमेन प्रभात जंघेल का सेवानिवृत्ति बिदाई समारोह उनके लवकुश नगर (वार्ड 13, जामुल) स्थित निवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री जंघेल ने अपने 40 वर्षों के सेवाकाल के अनुभवों और क्षेत्र की जनता से मिले अपार स्नेह को साझा किया। इस स्मरणीय अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, भाजपा मंडल अध्यक्ष बंटी गुप्ता, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ सदस्य दीपक सिंह, शिव वर्मा, देव नारायण मिश्रा, जेई सौरभ यादव, देवांगन बाबू सहित विद्युत वितरण केन्द्र जामुल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने श्री जंघेल के दीर्घायु व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

बाबा दरबार में क्वांर नवरात्रि की तैयारियां शुरू

उतई/अंडा। पावन धाम धनोरा बाबा दरबार (दुर्ग) में कुंवार नवरात्रि पर्व की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिदिन विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। 11 अक्टूबर (रविवार, सुबह 11 बजे): पंडित विनय शर्मा द्वारा विधि-विधान से कलश स्थापना। 15 अक्टूबर (गुरुवार): पंचमी पर माता रानी का विशेष श्रृंगार। 18 अक्टूबर (रविवार, शाम 4 बजे): दुर्गा अष्टमी हवन का आयोजन। 19 अक्टूबर (सोमवार, शाम 4 बजे): भव्य विसर्जन शोभायात्रा। प्रतिदिन शाम 8 बजे माता रानी की महाआरती होगी।

Court order Fix date for 28/10/2026.
छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर
प्रत्यर्थी को व्यवहार पुनरीक्षण की सूचना नोटिस
(अधिनियम क्रमांक 5 सन् 1908 आदेश इकतालिस, नियम 14)
अपील क्रमांक C.R. No. 283/2025
Nadesan Suman Unni
Vs
Subhadra Singh & Orthers

The impugned order dated 20/08/2025 passed by the Court of learned Principal District Judge, Durg District Durg (C.G.) passed in Election Petition No. 04/2022 के विरुद्ध व्यवहार पुनरीक्षण ।

प्रति,
Resp. No. 5- Ratiram Yadav, aged about 55 years, Presiding Officer, Municipal Corporation, Bhilai, District Durg (C.G.)

कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित व्यवहार पुनरीक्षण Nadesan Suman Unni द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीकृत की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा Nadesan Suman Unni की सुनवाई का दिनांक 28/10/2026 नियत की गई है। आपत्तियां / प्रतिआपत्तियां यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से नियत तिथि के पूर्व फाइल की जानी चाहिए । आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए किन्तु यदि न्यायालय के काम काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। यदि अपनी ओर से आप स्वयं आपका वकील या इसके संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नही हुआ तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जाएगी और निर्णय दिया जाएगा ।

आज दिनांक 23/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर की मुहर से दिया गया।

मुहर

अनुभाग अधिकारी
सिविल शाखा

अयोध्या कांड में छिपा है त्याग और समर्पण का सच्चा संदेश : आचार्य युवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई

धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति द्वारा बोरीगारका (पाऊवारा) में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर अयोध्या कांड की मार्मिक कथा सुनाई गई। कथा व्यास आचार्य पं. युवराज पांडेय महाराज के मुखारविंद से कथा सुनकर हजारों श्रद्धालु भावुक हो गए।

महाराज ने कहा कि अयोध्या कांड रामायण का द्वितीय सोपान और सबसे मार्मिक अध्याय है, जहाँ त्याग, प्रेम और धर्म की परीक्षा होती है। इसकी कथा राजा दशरथ द्वारा श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी से प्रारंभ होती है। पूरी अयोध्या में उत्सव का माहौल है, लेकिन तभी मंथरा की कुटिलता से कैकेयी के मन में लोभ जागता है और वे राजा दशरथ से दो वरदान मांग लेती हैं - भरत को राजगद्दी और श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास। वचनबद्ध दशरथ विवश हो जाते हैं और पिता की आज्ञा को सहर्ष स्वीकार कर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वन को प्रस्थान करते हैं।

धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा बोरीगारका में जारी



कैकेयी न होती तो रामचरितमानस न बनता

महाराज ने कहा कि अक्सर लोग कैकेयी को दोष देते हैं, लेकिन सत्य यह है कि यदि कैकेयी का चरित्र न होता तो रामचरितमानस बनता ही नहीं। कैकेयी कोई साधारण नारी नहीं हैं। देवताओं के आग्रह पर स्वयं सरस्वती जी ने उनकी मति फेरी थी। यदि राम राजा बन जाते तो रावण वध कैसे होता और धर्म की स्थापना कैसे होती? कैकेयी ने स्वयं अपयश लेकर भगवान को भगवान बनने का मार्ग दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद दुर्ग लोकसभा विजय बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू, भिलाई शहर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, जिला अध्यक्ष कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख सहित आयोजक समिति के सदस्य एवं हजारों की संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

बापू के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समस्याओं के समाधान का लिया संकल्प

स्वच्छता के संकल्प से मिलेगी नई पहचान ग्रामीणों ने लिया स्वच्छ परिवेश का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ निकुम

गांधी जयंती एवं स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत निकुम में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में सरपंच भागवत पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान पंचायत सचिव भारती विश्वास ने ग्रामीणों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े सामूहिक संकल्प दिलाए।

विशेष ग्रामसभा में ग्रामीणों ने अपने घरों एवं संस्थानों से निकलने वाले कचरे को गीला, सूखा, सेनेटरी एवं विशेष देखभाल वाले कचरे के रूप में अलग-अलग रखने तथा खुले में कचरा फेंकने और जलाने की प्रथा समाप्त करने का संकल्प लिया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने और कचरे के पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। ग्रामसभा में पंचायत द्वारा संचालित सेग्रीगेशन शेड, कंपोस्ट पिट, कचरा संग्रहण वाहन एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों के संचालन में ग्रामीणों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई। घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को सफल बनाने के लिए पंचायत द्वारा निर्धारित नियमों एवं उपयोगकर्ता शुल्क का पालन करने की बात भी कही गई।

कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक पर रोक का संकल्प



गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने का लिया संकल्प



अंडा। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर सेवा सहकारी समिति आलबरस में 'सेवा-संकल्प अभियान' का आयोजन किया गया। अभियान के तहत उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समिति पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता और जनसेवा के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आलमन सभा अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता लक्ष्मण देवांगन, युवा अध्यक्ष अशोक हरपाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वच्छता अभियान में किया श्रमदान



जामुल। गांधी-शास्त्री जयंती पर दुर्ग जिले के जनपद पंचायत दुर्ग के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जेवरा में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत स्वच्छता अभियान में एक घंटा श्रमदान किया गया। यहां ग्राम सभा का आयोजन जितेंद्र यादव सभापति जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य अतिथि में एवं रजनी साहू क्षेत्रीय जनपद सदस्य, सुश्री प्रतिभा देवांगन जनपद सदस्य नदकट्ठी, पूर्णिमा वर्मा जनपद सदस्य करंजा भिलाई , संतोष निषाद जनपद सदस्य सिरसा खुर्द, जेवरा सिरसा भाजपा मंडल अध्यक्ष घनश्याम साहू, भाजपा मंडल महामंत्री सुखनंदन देशमुख, सरपंच ग्राम पंचायत जेवरा धनेश नागवंशी की अध्यक्षता में तथा उपसरपंच प्रशांत गौतम व पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत जेवरा के उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

विशेष ग्रामसभा में आगामी कार्ययोजना पर चर्चा



धमधा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर धमधा जनपद पंचायत की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों ने महात्मा गांधी को श्रद्धापूर्वक याद किया और उनके सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं ग्राम स्वराज के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत फुंडा में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। ग्रामसभा में पंचायत के आय-व्यय, विकास कार्यों की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। मनरेगा के कार्यों, ग्रामीण रोजगार, आवास योजनाओं, जल संरक्षण और गांव की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों को भी ग्रामसभा के समक्ष रखा गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने गांधीजी के विचारों को जीवन में अपनाने, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने, स्वच्छता को प्राथमिकता देने तथा अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने में सामूहिक भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

श्रमदान के साथ किया गया पौधारोपण



जामुल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल द्वारा जामुल नगर के गणेश नगर (वार्ड क्रमांक-5) स्थित राम मंदिर तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल के निष्ठावान कार्यकर्ताओं सहित जामुल मंडल प्रभारी दीदी पूनम शुक्ला, भिलाई जिला सह-कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रमाकांत साहू एवं पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पौधारोपण भी किया गया। अभियान में विशेष रूप से जामुल भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी एवं उनकी धर्मपत्नी पूनम सोनी ने जामुल नगर पालिका में कार्यरत स्वच्छता महिला समूह की स्वच्छता दीदियों का सम्मान कर उन्हें पानी बॉटल (थर्मस) भेंट किए।

बापू के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



पाटन। नगर कांग्रेस कमेटी, नगर पंचायत कार्यालय, पाटन में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन किया गया। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल देवांगन, नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे, पटेल समाज अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल, हेमंत देवांगन, दिलवाले, शंकर नाग, सरजू साहू, महेंद्र ढीमर, पार्षद मनोज कुर्रे, दीपक यादव, बीरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम कश्यप, सतीश देवांगन, केदार कश्यप, धनश्याम देवांगन, रूपेश लहरी, हरीश देवांगन, तरुण बिजोर, बिसौहा देवांगन सहित नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कांग्रेसजनों ने लगाई 'गांधी चौपाल'



ओखरा/मुरमुंदा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती (2 अक्टूबर) के अवसर पर अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न अंचलों में कांग्रेस पार्टी द्वारा 'गांधी चौपाल' और 'जन-संवाद' कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अहिवारा विधानसभा ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमेश साहू, दुर्ग जिला पंचायत सदस्य उषा सोनवानी, दुर्ग जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष हीरा वर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष उमेश बंजारे, जगदीश मार्कंडेय, योगेश टिकरिया, महामंत्री धरम बर्रे, हेमंत कुर्रे (अध्यक्ष सेक्टर), अशोक आदिल, पंकज सिकट, हेमा बंधे, बोधन महिलांग, संतोष आदि मौजूद थे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

जामगांव आर । ग्राम पंचायत भवन अकतई (चारभाठा-रीवागहन) में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत अकतई के आश्रित ग्राम चारभाठा एवं रीवागहन की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों तथा सुपरवाइजर का संयुक्त रूप से सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में सुपरवाइजर उर्वशी देसलहरे, मितानिन खेमबाई साहू, कार्यकर्ता द्रौपदी ग्रीतलहरे, शारदा उईके, जमुना शुक्ला और चंद्रिका मार्कंडेय शामिल रहीं। कार्यक्रम में सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद, पंच पीतांबर मार्कंडेय एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

गांधी-शास्त्री के विचार समाज के मार्गदर्शक : साहू



पाटन । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर ग्राम मनसूली (के) स्थित शासकीय हाईस्कूल परिसर में गांधी जयंती समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू ने महात्मा गांधी के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि गांधी जी के ब्रह्मास्त्र सत्य, अहिंसा, दया, प्रेम और करुणा थे। कार्यक्रम में सरपंच भगवती मुकेश साहू, उपसरपंच पद्मभूषण साहू, एसएमडीसी अध्यक्ष नेतराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य गेंदलाल डहरिया, ग्रामीण अध्यक्ष हुलेश साहू, रामनारायण मंडल एवं पूर्व सरपंच नीलमणी हिरवा, रामचरण साहू, कल्याण साहू, हेमलाल साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, भुवन यादव, खोरबाहरा निर्मल आदि उपस्थित थे।

स्वच्छता और योजनाओं की दी जानकारी



जामगांव आर। ग्राम पंचायत जामगांव आर में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में बाजार चौक पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में उपस्थित सदस्यों के बीच सरपंच रूपेंद्र कुमार शुक्ला ने स्वच्छता तथा वीबीजी रामजी की कार्ययोजनाओं के संबंध में संक्षिप्त व महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, उपसरपंच, पंचगण, ग्रामीण अध्यक्ष आदि मौजूद थे।

अंचल की खबरें

स्वास्थ्य रक्षा के सुझाव दिए स्त्री रोग विशेषज्ञ ने



अंडा। शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा में छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों के लिए विशेष 'महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, स्त्री रोग संबंधी समस्याओं और समय पर चिकित्सीय परामर्श के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेंट थेरेसा अस्पताल, हैदराबाद की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नूपुर श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं में होने वाली शारीरिक समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत व्याख्यान दिया। संवादात्मक सत्र के दौरान छात्राओं ने अपनी शंकाओं और स्वास्थ्य समस्याओं पर खुलकर प्रश्न पूछे, जिसका डॉ. श्रीवास्तव ने समाधान किया। कार्यक्रम में कॉलेज की उप प्राचार्या डॉ. रश्मि पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस धूमधाम से मनाया



अंडा। राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, चंदखुरी (दुर्ग) में 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष यह आयोजन 'भविष्य के लिए आयुर्वेद' की मुख्य थीम पर आधारित था। समारोह के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों द्वारा जनसामान्य को संतुलित जीवन शैली, स्वास्थ्य संरक्षण और आयुर्वेद के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशाल रैली निकाली गई। इसके पश्चात कॉलेज परिसर में संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों द्वारा औषधीय पौधों का रोपण कर पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया गया। प्रासंगिकता पर व्याख्यान और सम्मान समारोह कॉलेज की प्राचार्या डॉ. वंदना फटिंग ने वर्तमान परिदृश्य में आयुर्वेद की उपयोगिता और निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर प्रकाश डाला। प्रसूति तंत्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. नितिन गावंडे ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित क्विज और वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रबंध निदेशक आर. साहू ने सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को सफल आयोजन की बधाई दी। अंत में प्रसूति तंत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रूमीना खान ने आभार व्यक्त किया।

ब्लॉक स्तरीय ड्राइंग व भाषण प्रतियोगिता आयोजित



पाटन। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल पाटन में विकासखंड स्तरीय ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल और जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि बच्चों में असीम प्रतिभा है, बस उन्हें अभिव्यक्ति का सही मंच देने की आवश्यकता है। वहीं सांसद विजय बघेल ने कहा कि किताबी पढ़ाई के साथ-साथ चित्रकला और भाषण कला जैसी गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास का संचार करती हैं और उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की वाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति नेहा बाबा वर्मा, जनपद प्रतिनिधि पन्नालाल बंजारे, मंडल अध्यक्ष रानी केशव बंछोर, पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, शीतल साहू, राकेश साहू, बाबा वर्मा, राजा पाठक, बीईओ डालेंद्र कुमार देवांगन, सुशील सूर्यवंशी, पी.एल. सिन्हा, हेमा मारकंडे, प्राचार्या स्टांसी जॉनसन सहित आदि उपस्थित थे।

बिजनेस साइट

आरोग्यम हॉस्पिटल में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग शुरू

दुर्ग। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल दुर्ग में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग का भव्य शुभारंभ किया गया। नए विभाग के शुरू होने से दुर्ग-भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को पेट, आंत, लिवर और पाचन तंत्र से संबंधित बीमारियों की विशेषज्ञ जांच व उपचार की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में डॉ. जीवन लाल घीड़ले, डॉ. आशीष चंद देवांगन गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट व डॉ. सिद्धार्थ बनर्जी लैप्रोस्कोपिक सर्जन सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, नए विभाग में पेट, आंत, लिवर एवं पाचन तंत्र से जुड़ी विभिन्न बीमारियों की आधुनिक जांच और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही मरीजों के लिए अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध होगी। अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा तकनीक एवं विश्व स्तर पर उपयोग की जाने वाली विभिन्न जांच और उपचार सुविधाओं को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों ने कहा कि गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की विशेषज्ञ सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से मरीजों को उपचार के लिए दूसरे शहरों की ओर जाने की आवश्यकता कम होगी। इससे दुर्ग-भिलाई और आसपास के क्षेत्रों में पेट एवं पाचन तंत्र से संबंधित रोगों के उपचार की सुविधाओं का विस्तार होगा।



सुरपा में चारों आंगनबाड़ी सेवार्थियों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को महिला एवम बाल विकास द्वारा सुरपा के चारो आंगनबाड़ी में सँयुक्त रूप से आंगन मिलन सेवा एवम आँगन बाड़ी कार्यकर्ताओं एवम सहायिकाओं का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य रवि सिन्हा शक्ति केंद्र प्रभारी प्रमोद जैन, सरपंच सुरपा चंद्रहास साहू,सरपंच करेला राजेश बंछोर, बूथ अध्यक्ष किशोर सेन, उपसरपंच तेजराम देवांगन, लोकेश्वर निर्मलकर, गजे साहू आंगनबाड़ी सुपरवॉयजर ममता साहू सहित सभी कार्यकर्ता एवम सहायिका उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

चाय पीने गए युवक के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

भिलाई। चाय पीने गए युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत भिलाई नगर पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है।पुलिस ने बताया कि अंशु शुक्ला अपने दोस्त अमर कुमार , टी प्रशांत, आदर्श कुमार के साथ सिविक सेंटर उपाध्याय चाय दुकान के पास मैदान सिविक सेंटर में चाय पीने गया था। वहां बंटी और अन्य साथी खडे थे जहां दोस्त अमर से टकरा गया। मना करने पर उसी बात को लेकर बंटी समेत अन्य ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। मारपीट देख कर टी प्रशांत बीच बचाव करने आया था। उसे भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। वाहन की चाबी कडा, बांस का डंडा से पीड़ित के साथ मारपीट किया गया। घटना में पीड़ित के बांये आंख के उपर,बांये गाल,सिर में और अमर कुमार को सिर, चेहरा ,पीठ, प्रशांत को सिर में चोंट आई है। घटना के बाद हम तीनों का उपचार राम नगर स्थित निजी अस्पताल में जारी है।

गांधी जयंती पर सफाई कर्मियों का सम्मान



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत टीएसडी विभाग में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीजीएम प्रशांत ओझा थे। महाप्रबंधक प्रभार एबी श्रीनिवास सहित टीएसडी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उनके छायाचित्र/प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि व उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर में प्रतीकात्मक रूप से झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा कार्यस्थल व आसपास के परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अतुल नौटियाल, के सुपर्णा, आर. रंजनी, विकास चन्द्रा व मुकुल सहारिया सहित टीएसडी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

अनुज्ञप्ति, सड़क बाधा एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर निगम की चालानी कार्रवाई

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त सुरूचि सिंह एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र में स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए लगातार निरीक्षण एवं चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन क्रमांक-01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-08 कृष्णा नगर क्षेत्र में निगम की टीम द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं पाए जाने, सड़क पर बाधा उत्पन्न करने तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान श्री राम ट्रेडर्स पर अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं होने पर 1000 रुपए, धीरज ट्रेडर्स कबाड़ी पर अनुज्ञप्ति लाइसेंस के लिए 4000 रुपए तथा सड़क बाधा के लिए 1000 रुपए, जबकि श्री वेंकटेश्वर राव पर सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

बीएसपी कर्मियों का बोनस तय होने से श्रमिकों को अधिक बोनस मिलने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ठेका सेल कर्मचारियों के लिए सालाना बोनस राशि तय होने के बाद अब भिलाई इस्पात संयंत्र के हजारों ठेका मजदूरों को भी इस साल नई उम्मीद जगी है।

ठेका श्रमिक यूनियन द्वारा जल्द ही सभी श्रमिकों को नियमानुसार दुर्गापूजा के पूर्व बोनस दिलवाने के लिए बीएसपी प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया गया है। संयंत्र में बीस हजार से अधिक श्रमिक काम करते हैं।

सेल प्रबंधन द्वारा कल 1 अक्टूबर को बीएसपी सहित सेल कर्मियों को 32 हजार बोनस राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है। यह राशि पिछले साल से अधिक है। इसे देखते हुए अब बीएसपी में भी ठेका मजदूर यूनियनों से सभी श्रमिकों को निर्धारित बोनस राशि दिलवाने की मांग कर रहे हैं। बोनस को लेकर ठेका मजदूर यूनियन इंटक ने पिछले माह धरना दिया था। यूनियन के महासचिव संजय साहू ने बताया कि बहुत जल्द बीएसपी के आईआर विभाग को रिमाइंडर सौंपकर सभी मजदूरों को दुर्गापूजा पूर्व 8.33 या 20 प्रतिशत बोनस राशि दिलवाने के लिए रिमाइंडर दिया जाएगा। बोनस मजदूरों का हक है क्योंकि उनका योगदान उत्पादन सहित हाउसकीपिंग आदि कार्यों में नियमित कर्मियों की तरह बराबर का होता है। यूनियन सभी नियमानुसार बोनस दिलाने भरसक दबाव बनाएगी।

श्रमिकों ने 20% मांगा बोनस, यूनियन प्रबंधन को जल्द सौंपेगी रिमाइंडर

सभी मजदूरों को नहीं देते बोनस

बोनस एक्ट के तहत न्यूनतम 8.3 व अधिकतम वेतन का 20 फीसदी बोनस मजदूरों को दिए जाने का प्रावधान है। संयंत्र कुशल,अकुशल अर्धकुशल सहित 4 श्रेणी के श्रमिक काम करते हैं। यूनियन के दबाव में ठेका कंपनियां बोनस तो देती हैं लेकिन सभी को निर्धारित बोनस नहीं मिलता है। कुछ बड़ी कंपनियां ही 3 हजार से 10 हजार तक बोनस देती है। मजदूरों के मुताबिक कई ठेकेदार दो चार हजार या मिठाई का डिब्बा देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। इस साल हमें सम्मानजनक बोनस दिलाने की उम्मीद प्रबंधन व यूनियन दोनों से है।



प्रथम नियोक्ता की है वैधानिक जिम्मेदारी

ठेका मजदूरों को ठेकेदारों से नियमानुसार बोनस राशि दिलवाने की वैधानिक व नैतिक जिम्मेदार प्रथम नियोक्ता यानी बीएसपी प्रबंधन की है। श्रमिकों के मुताबिक यदि कोई ठेकेदार या निजी कंपनी बोनस एक्ट के तहत 8.33 या 20 प्रतिशत बोनस नहीं दे रही है तो प्रबंधन को उसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। प्रबंधन सिर्फ सुर्कलर जारी कर अपनी जिम्मेदारी से नही बच सकता । जब तक ठेकेदारों पर दबाव नहीं बनाया जाएगा निर्धारित वेतन में कोताही की तरह बोनस भी कम मिलता रहेगा। कुछ ठेकेदार दिवाली के दो दिन पूर्व तक बोनस देते रहते हैं, यह दुर्गापूजा के पूर्व मिलन चाहिए।

इस बार दुर्ग जिले में हुई है रिकार्ड बारिश

दो दिन में मानसून की विदाई, अब होगी खंड वर्षा, गिर रहा रात का तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश से मानसून की बिदाई दो दिनों में हो जाएगी। बिदा होता मानसून से अब आने वाले दिनों में खंड-खंड रूप में बारिश चलेगी। जो स्थानीय प्रभाव की वजह से होनी है। इस बार दुर्ग जिले में रिकार्ड बारिश हुई है। पिछले साल से ज्यादा बारिश हुई और सालों बाद यहां का कोटा भी पूरा हुआ है। मौसम के इस बदलाव के साथ ही दिन में तेज धूप रहने लगा है। जिसकी वजह से अधिकतम तापमान भी 32.6 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है। न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस है। हाल यह है कि अलसुबह और शाम होते ही गुलाबी ठंड का भी एहसास लोगों को होने लगा है।

तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा



जिले में औसत से 16 प्रतिशत अधिक बारिश

दुर्ग जिले में इस वर्ष मानसून सामान्य से अधिक सक्रिय रहा है। दुर्ग जिले में औसतन 965 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले 10 वर्षों की औसत 832.6 मिमी वर्षा की तुलना में 115.9 प्रतिशत है। यानी जिले में अब तक सामान्य से करीब 16 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है।

सबसे अधिक बारिश दुर्ग तहसील में

कलेक्टर कार्यालय (भू-अभिलेख शाखा) से जारी तहसीलवार वर्षा रिपोर्ट के अनुसार दुर्ग तहसील में 1 जून से अब तक 1255.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो 10 वर्षों की औसत 934.4 मिमी के मुकाबले 134.4 प्रतिशत है। भिलाई-3 तहसील में 865.5 मिमी वर्षा दर्ज हुई है, जो औसत से 137.6 प्रतिशत अधिक है और जिले में प्रतिशत के हिसाब से सबसे बेहतर स्थिति में है।अहिवारा तहसील में 823.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य वर्षा का 118.8 प्रतिशत है। पाटन तहसील में 1155.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई है, जो औसत का 105 प्रतिशत है। वहीं धमधा में 634.7 मिमी वर्षा हुई है, जो सामान्य वर्षा के 97.5 प्रतिशत के बराबर है। बोरी तहसील में 1071.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो औसत का 106.8 प्रतिशत है।

ऐसे चल रहा है मौसम का सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की वापसी की रेखा 32.5**N**/72.5**E**. गुरदासपुर, चंडीगढ़, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, धौलपुर, उदयपुर, डीसा, नलिया और 23.0**N** 67.8**E** से होकर गुजर रही है। अगले 48 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के बाकी हिस्सों गुजरात और मध्य प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों, पूरे जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, और बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की और वापसी के लिए परिस्थिति अनुकूल होने की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे सटे बिहार के ऊपर समुद्र तल से 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

नरेंद्र देव अभियान समिति ने जेपी चौक पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति छग द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर जेपी चौक में सामूहिक धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह आन्दोलन केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर प्रक्रिया के नाम पर लाखों मतदाताओं को अवैध घोषित करने की मनमानी के विरोध में किया गया। आरंभ में नागरिकों व वक्ताओं ने महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री, आचार्य नरेंद्र देव और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बाद समिति के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग ने जिस प्रकार से लाखों मतदाताओं के नाम सूची से हटाए हैं, वह सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है। यह देश के संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार का हनन है। मुख्य वक्ता पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने कहा कि एसआईआर के नाम पर देश के वैध नागरिकों के अधिकारों की उपेक्षा हुई है। एसआईआर प्रक्रिया और अनधिकृत डिजिटल नियंत्रण के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में सुनियोजित तरीके से लाखों मतदाताओं को अवैध घोषित किया गया है। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। इसका आज देश भर में विरोध हो रहा है और सरकार को यह दमनात्मक रवैया हर हाल में छोड़ना होगा। शिक्षाविद् डॉ. डीएन शर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग लोकतंत्र को समाप्त करने पर उतारू है, जिसका आज अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शांतिपूर्ण विरोध किया जा रहा है।

ज्ञापन में इस्तीफा की मांग

राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन पुलिस प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफा व महाभियोग की कार्रवाई शुरू करने की मांग की गई। इस अवसर पर सबेदार सिंह, जेएन राय, कपिल देव प्रधान, डीएन सिंह, सुरेखा नागवंशी, डीपी सिंह, बीएम सिंह, नंदकिशोर साहू, त्रिलोक मिश्रा, हरि प्रताप, राम अवध यादव, अधिवक्ता जमील खान, सत्यनारायण गुप्ता, एचएन प्रसाद, कपिल देव प्रसाद, दक्ष यादव, भुवनेश्वर यादव और अभिषेक आंनद आदि उपस्थित थे।

हथखोज इंजी. पार्क की जमीनों के आवंटन पर आप ने उठाए सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई हथखोज इंजीनियरिंग पार्क में पार्क, पार्किंग, ओपन स्पेस और पावर सब-स्टेशन के लिए आरक्षित जमीनों के कथित आवंटन को लेकर आम आदमी पार्टी जिला दुर्ग ने सवाल उठाए हैं। पार्टी ने सीएसआईडीसी की ओर से किए गए कथित भूमि आवंटन और लेआउट में किए गए बदलावों की जांच की मांग की है। आप ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव और दुर्ग सांसद विजय बघेल समेत संबंधित जनप्रतिनिधियों से भी इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। पत्रकार वार्ता में प्रदेश सचिव के. ज्योति, जिला कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत और महरबान सिंह ने कहा कि नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के लेआउट में कुछ ऐसे भूखंडों को प्लॉट के रूप में दर्शाया गया है, जिन्हें पार्टी का दावा है कि पहले पार्क, पार्किंग, ओपन स्पेस और सब-स्टेशन जैसे सार्वजनिक उपयोग के लिए सुरक्षित रखा गया था। पार्टी ने आरोप लगाया है कि इन जमीनों को प्लॉट में परिवर्तित कर आवंटित किया गया। पार्टी ने शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज से जुड़े प्लॉट 17 के समीप की जमीन को 17-ए और 17-बी के रूप में आवंटित किए जाने का मुद्दा उठाया है। इसी तरह सीएसआईडीसी के लेआउट में सर्कल-ए, बी, सी और ई में सब-स्टेशन, गार्डन और पार्किंग के लिए आरक्षित जमीनों में बदलाव किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। आप ने दावा किया है कि पावर सब-स्टेशन के लिए आरक्षित जमीन का रकबा 20,786 से घटाकर 9,979 किया गया, जबकि औद्योगिक प्लॉट क्षेत्र में वृद्धि हुई। पार्टी ने इस बदलाव को लेकर सरकार और संबंधित विभाग से दस्तावेज सार्वजनिक करने तथा पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है।

- **पार्क, पार्किंग, ओपन स्पेस और सब-स्टेशन की जमीन में बदलाव का लगाया आरोप, जांच की मांग**

विधायक ललित ने साढ़े चार करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



रिसाली। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने रिसाली निगम क्षेत्र के लिए स्वीकृत विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। शासन स्तर पर विभिन्न कार्यो के लिए कुल 4 करोड़ 44 लाख 12 हजार स्वीकृत किया है। भूमिपूजन कार्यक्रम के पहले विधायक मरोदा सेक्टर बंगाली दुर्गा मैदान मंच परिसर पहुंचे। वहां पर उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम लगाया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि विकास क्षेत्र का होता है। व्यक्तिगत नहीं। उन्होंने कहा कि रिसाली के आमजनों ने उन्हें विधानसभा सदस्य के रूप मे चुना है। यही वजह है कि वो क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत है। परिणाम आपके समक्ष है। उन्होंने आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि निगम के संपूर्ण 40 वार्डो में विकास कार्य आरंभ हो चुका है। नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व ही वे एक बार पुनः भूमिपूजन कार्यक्रम करेंगे। जिसमें छुटे हुए कार्य को गति दिया जाएगा। वहीं नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर ने कहा कि रिसाली निगम का गठन के साथ में क्षेत्र में विकास कार्य कराया जा रहा है। यह अनवरत चलता रहेगा। उन्होंने भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने और विकास कार्य के लिए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सदस्य अनिल देशमुख, संजू नेताम, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, शीला नारखेड़े, सविता धवस, ईश्वरी साहू, जमुना ठाकुर, सरिता देवांगन, सारिका साहू, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल व अनुपम साहू उपस्थि थे।

70% पदोन्नति कोटा बहाली की मांग पर समिति गठित 6 को सामूहिक अवकाश और 21 से आंदोलन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की तीनों पावर कंपनियों के प्रबंध निदेशकों के साथ 1 अक्टूबर को द्विपक्षीय वार्ता हुई। बैठक में संघ की लंबित 10 सूत्रीय मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। सबसे प्रमुख मुद्दा कनिष्ठ अभियंताओं के लिए सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति कोटा 40 प्रतिशत से बढ़ाकर पूर्ववत 70 प्रतिशत करने का रहा। संघ ने कहा है कि लंबित मांगों के निराकरण नहीं होने की स्थिति में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत 6 अक्टूबर को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश और 21 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रस्तावित है। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर श्रीकांत बड़गैंया ने प्रबंधन के समक्ष पदोन्नति कोटा घटाए जाने से कनिष्ठ अभियंताओं की पदोन्नति प्रभावित होने का मुद्दा रखा। संघ के अनुसार डिस्ट्रीब्यूशन और जनरेशन कंपनियों में कई कनिष्ठ अभियंता लंबे समय से कार्यरत हैं और पदोन्नति में देरी हो रही है। इस मामले में प्रबंधन ने बताया कि 24 सितंबर को एक समिति गठित की जा चुकी है, जो एक महीने में अपनी रिपोर्ट देगी। संघ के पक्ष को समिति के समक्ष सुनने पर भी प्रबंधन ने सहमति जताई है। संघ ने मांग की है कि समिति की रिपोर्ट आने तक पूर्व व्यवस्था के अनुसार 70 प्रतिशत पदोन्नति कोटा लागू कर सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति की जाए। वार्ता में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग पर प्रबंधन ने बताया कि राज्य शासन के साथ संवाद जारी है और मामला प्रक्रियाधीन है। वहीं लंबित पदोन्नतियों को जारी करने तथा कनिष्ठ अभियंता से सहायक अभियंता पद पर विभागीय परीक्षा के रिक्त पदों पर भर्ती जल्द करने की मांग पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा जनरेशन कंपनी के मेंटेनेंस विभाग में कार्यरत कनिष्ठ अभियंताओं के सी ऑफ भुगतान, उच्च वेतनमान मिलने पर अतिरिक्त वेतन वृद्धि, डीसी वर्किंग प्रणाली, विभिन्न लंबित भत्तों के पुनरीक्षण, सहायक अभियंता की सीधी भर्ती में कनिष्ठ अभियंताओं को 15 प्रतिशत आरक्षण, तकनीकी कर्मचारियों की नई भर्ती और पीएलएफ आधारित इंसेंटिव दोबारा शुरू करने सहित अन्य मांगें भी रखी गईं। संघ के मुताबिक कई मांगों पर प्रबंधन ने परीक्षण और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बैठक में संघ के प्रांतीय अध्यक्ष श्रीकांत बड़गैंया, महासचिव दीपक कुमार निकुंज, संरक्षक बी.बी. जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, अतिरिक्त महासचिव नितिन वर्मा, कोषाध्यक्ष पी.एल. माहेश्वरी, संगठन सचिव राजेंद्र गिरी गोस्वामी, अमीर उल्ला खान आदि उपस्थित थे।

- **पावर कंपनियों के डिप्लोमा इंजीनियर्स की 10 सूत्रीय मांगों पर वार्ता**

विपक्ष का हमला, हरिभूमि अखबार लेकर विपक्ष के पार्षद पहुंचे मंत्री के पास

पेवर ब्लॉक घोटाला : डिप्टी सीएम ने दिए उच्च स्तरीय जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई की परियोजना शाखा द्वारा कराए गए पेवर ब्लॉक कार्यों में वित्तीय एवं तकनीकी अनियमितताओं का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर शुक्रवार को निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह राजधानी पहुंचे। वहां उन्होंने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर मामले की सच्चाई उनके सामने रखी। उन्होने मंत्री को हरिभूमि समाचार पत्र में प्रमुखता से छपी खबर को दिखाया और बताया कि किस तरह से जनता के पैसा का भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने एक शिकायत पत्र भी सौंपा और उसके माध्यम से प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

42 करोड़ के कार्यों की जांच की मांग

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विगत पांच वर्षों में नगर निगम भिलाई द्वारा लगभग 42 करोड़ के पेवर ब्लॉक कार्य कराए गए हैं। हाल ही में हुई जांच में केवल सीमित दायरा (लगभग 12 करोड़) शामिल किया गया था। इसमें ही 16.85 लाख से अधिक के अतिरिक्त भुगतान और भारी तकनीकी खामियों का खुलासा हुआ है। उप नेता प्रतिपक्ष का आरोप है कि अभी भी लगभग 30 करोड़ से अधिक के कार्यों का परीक्षण शेष है। यदि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो घोटाले का दायरा कई गुना बढ़ सकता है।



बिना काम के हुआ भुगतान

शिकायत में बताया गया कि 21 से अधिक अनुबंधों में माप पुस्तिका में दर्ज आंकड़ों और स्थल की वास्तविक स्थिति में भारी अंतर पाया गया है। कई स्थानों पर बिना भौतिक सत्यापन के ही माप दर्ज कर ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया और अतिरिक्त भुगतान कर दिया गया।

8 उप अभियंताओं की भूमिका पर उठे सवाल

प्रकरण में निगम की परियोजना शाखा से जुड़े आठ उप अभियंताओं अर्पित बंजारे, श्वेता वर्मा, चंदन निर्मलकर, पुरुषोत्तम सिन्हा, प्रभा लकड़ा/टोप्पो, कृष्णा जंघेल, रीमा जांबुलकर तथा श्वेता महेश्वर की भूमिका जांच के दायरे में है। रिपोर्ट के अनुसार, इन अधिकारियों पर पद का दुरुपयोग करने, गलत मापांकन दर्ज करने और शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने के गंभीर आरोप लगे हैं।

मंत्री के सामने रखी गईं प्रमुख मांगें

उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच : संपूर्ण 42 करोड़ के कार्यों की ईओडब्ल्यू या किसी स्वतंत्र उच्च स्तरीय तकनीकी समिति से दोबारा निष्पक्ष जांच कराई जाए।

कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई : जांच लंबित रहने तक सभी दोषी अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए और दोष सिद्ध होने पर सेवा से बर्खास्त किया जाए।

एफआईआर एवं रिकवरी : संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाए तथा शासन को हुई आर्थिक क्षति की पूर्ण वसूली की जाए।

हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



कूल लुक के लिए जींस के साथ...

लाइव इवेंट

100 से ज्यादा लोगों ने किया रक्तदान दिया जीवन बचाने का संदेश



दुर्ग। मानव मिलन के 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर नवगठित मानव मिलन दुर्ग शाखा द्वारा जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जैन समाज के सदस्यों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

मानव मिलन के संस्थापक नेपाल केसरी राष्ट्रसंत श्री मणिभद्र मुनि के पावन सानिध्य एवं आशीर्वाद में आयोजित इस रक्तदान शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान को मानव सेवा का श्रेष्ठ माध्यम मानते हुए बड़ी संख्या में समाजजनों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया जिसमें महिलाओं ने रक्तदान करने में विशेष रुचि दिखाई मानव मिलन की सेवा शिक्षा और शिक्षा के उद्देश्य को लेकर स्थापित मानव मिलन का यह पहला शानदार आयोजन था। शिविर में 100 के करीब रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। रक्तदाताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी अनजान व्यक्ति के जीवन को बचाने का माध्यम बन सकता है। अध्यक्ष सुशील चंदा रूणवाल, राजेश, सुषमा, अभिजीत पारख, अंकिता संचेती, लता छाजेड़, रैना पारख, कुंजिका संचेती, लोरी सुराणा, सारिका संचेती, राखी पारख, सौरभ बाफना सहित अन्य मौजूद थे। मणिभद्र मुनि ने कहा कि मानव कल्याणकारी और जीवन दान देने में यह सेवा सबसे उत्तम सेवा है और इस सेवा में सभी को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

लाइव इवेंट

मेधावी बच्चों के लिए निःशुल्क नीट और जेईई कोचिंग सेंटर का उद्घाटन



दुर्ग। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की परिकल्पना कि शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रतिभावान बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने का सपना देखने के लिए संसाधनों की कमी बाधा न बने, आज जमीनी स्तर पर कार्य प्रारंभ की नींव रखी गई। शासकीय विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क नीट एवं जेईई कोचिंग कक्षाओं का जिला स्तर पर विधिवत उद्घाटन जेआरडी स्कूल में किया गया। चयनित विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और रुचि के साथ कक्षाओं में हिस्सा लिया। अनुभवी विषय-विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को परीक्षा पैटर्न, तैयारी की रणनीति एवं गणित जीव विज्ञान एवं भौतिक विषय वस्तु की प्रारंभिक अवधारणाओं को स्पष्ट किया गया। कोचिंग में डॉ. केवी राव संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग स्वयं एक विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विषय विशेषज्ञ के रूप में एचएस भुसावल एवं आरती मेने द्वारा गणित, रंजना नंद नोएल एवं पूर्णा साहू जीव विज्ञान, विक्रम ताम्रकार एवं सुष्मिता मिश्रा द्वारा भौतिक विषय की कक्षाएं ली गई।

लाइव इवेंट

तुकेश कुमार को मिला पीएचडी अवार्ड



दुर्ग। श्रीराम शिक्षा महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य तुकेश कुमार का हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के सभागार में पीएचडी की मौखिक परीक्षा संपन्न हुआ। प्राचार्यों की निर्णय क्षमता का उनके व्यवसायिक तनाव एवम् समय प्रबंधन पर प्रभाव का अध्ययन विषय पर अपना शोधकार्य, शोध निर्देशक डॉ. प्रभाआर कुरुप विभागाध्यक्ष मैत्री कॉलेज, सह-शोध निर्देशक डॉ. पुष्पलता शर्मा सेवानिवृत विभागाध्यक्ष कल्याण कॉलेज के निर्देशन में राजनांदगांव, दुर्ग एवं बेमेतरा जिले के शासकीय एवं अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्यों पर किया। वर्मा की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के संचालक नरेंद्र गौतम, सहायक प्राध्यापक आभा रानी साव, डॉ. नम्रता बूलदेव, ममता तम्बोली, माला गणवीर, पीतांबर साहू, सरिता बावंनथडे, सुषमा देवांगन, पेमिता साहू, नेहा वर्मा, रोशनी सिन्हा, श्वेता शुक्ला, भोजराज ओझा, टीकम साहू एवं शशांक यादव ने शुभकामनाएं दी है।

● शिक्षा कक्षा की चारदीवारी तक सीमित नहीं, बल्कि अनुभवों, गतिविधियों और सहभागिता के माध्यम से भी व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम

डीपीएस दुर्ग में रायला 2026 का आगाज, युवाओं को नेतृत्व सकारात्मक सोच और सामाजिक उत्तरदायित्व का दिया संदेश

भिलाई। रोटरी क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय रायला 2026 (रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड) का शुभारंभ हुआ। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, टीम भावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्री और श्रीमति लूथरा की गरिमामयी उपस्थिति रही।विद्यालय परिवार एवं आयोजन समिति की ओर से उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक पुनीता नेहरू ने मुख्य अतिथियों का अभिनंदन करते हुए रायला के आयोजन में रोटरी क्लब की महिला सदस्यों के समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों ने निरंतर समन्वय और तैयारियों की निगरानी के माध्यम से आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।युवाओं को संबोधित करते हुए नेहरू ने कहा कि आज की पीढ़ी समय से भी तेज़ सोचती है।



आपकी ऊर्जा सकारात्मक विचारों और रचनात्मक कार्यों की दिशा में होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपनी प्रतिभा एवं ऊर्जा का उपयोग समाज और राष्ट्र के हित में करने का आह्वान किया। नेहरू ने कहा कि शिक्षा केवल कक्षा की चारदीवारी तक सीमित नहीं है, बल्कि विभिन्न अनुभवों, गतिविधियों और सहभागिता के माध्यम से भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण होता है। ऐसे आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने का आत्मविश्वास, संवाद-कौशल, टीम भावना और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सहभागितापूर्ण गतिविधियों एवं सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने, नए अनुभव प्राप्त करने और नेतृत्व के गुण विकसित करने का अवसर मिला। युवाओं में पूरे आयोजन के दौरान विशेष उत्साह और उमंग दिखाई दी। यह आयोजन युवाओं को नेतृत्व के नए आयामों से परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें सकारात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। दो दिवसीय आयोजन का प्रथम दिवस उत्साह, सीखने की ललक और रचनात्मक सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





साइबर ठगी से बचने छात्रों को किया जागरूक 1930 पर तत्काल शिकायत करने की अपील

दुर्ग। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे साइबर जागृति अभियान के तहत दुर्ग जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। भिलाई नगर, पुलगांव, वैशाली नगर, मोहन नगर, भिलाई भट्ठी और नेवई थाना क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए गए।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने समझाइश दी कि ओटीपी, एटीएम पिन, यूपीआई पिन, पासवर्ड और बैंक से जुड़ी गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। इसके साथ ही अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक, मैसेज और अन्य डिजिटल माध्यमों से आने वाले झांसे से सावधान रहने की अपील



की गई। पुलिस ने विशेष रूप से युवाओं को आगाह किया कि अनजान लोगों को अपना फोटो, वीडियो, आईडी या किसी भी प्रकार का पहचान पत्र साझा न करें। साइबर अपराधी फोन कॉल, मैसेज, लिंक और अन्य डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर लोगों को भ्रमित करते हैं और उनकी गोपनीय जानकारी हासिल कर आर्थिक ठगी को अंजाम देते हैं। पुलिस ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हो जाती है तो बिना देरी किए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर शिकायत मिलने से ठगी की रकम को रोकने या आगे की कार्रवाई में मदद मिल सकती है। दुर्ग पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अनजान कॉल और लिंक से सावधान रहें, किसी के साथ बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें और साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

सीईटी में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन ईडी ने कार्मिकों का किया सम्मान

भिलाई। भिलाई-स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के तकनीकि सलाहकार संस्थान सीईटी-सेल भिलाई उप केंद्र हिंदी पखवाड़ा का समापन सीईटी-सेल रांची के अधिशासी निदेशक एस सुब्बाराज , भिलाई उप केंद्र के मुख्य महाप्रबंधक संजय सुमन की उपस्थिति में संपन्न हुआ । प्रतियोगिता में विजेता और सहभागी कार्मिकों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथि सुब्बा राव ने कहा कि हिंदी एक भारत ,श्रेष्ठ भारत का संदेश देने का सशक्त माध्यम बन सकता है, इसमें सी.ई.टी. मुख्य भूमिका निभा रही है ।श्री एस.सुब्बाराज ने हिंदी को अपनी दिनचर्या और कार्यालयीन कार्यो में सर्वोच्च स्थान देने के लिए संकल्प लेने कहा । संस्था के मुख्य महाप्रबंधक संजय सुमन ने कहा कि व्यावहारिक प्रयोग को बढ़ावा देना है साथ ही भारतीय भाषा व साहित्य का संवर्धन करना है । सेट भिलाई में हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में संदीप कुमार प्रथम, विनय कुमार यादव द्वितीय,संजय कुमार देशमुख, पारमिता महान्ति, चतुर्थ रहे।



कार्नर न्यूज


वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह शुरू, चित्रकला प्रतियोगिता में दिखी प्रतिभा

मैत्रीबाग में 7 सौ स्कूली बच्चों ने आकर्षक चित्रों से दिया बेजुबां जानवरों की रक्षा का संदेश, उद्यानिकी विभाग ने आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता

भिलाई । मैत्रीबाग में प्राकृतिक छटा के बीच आज जब सैकड़ों नन्हें चित्रकारों ने अपनी तूलिका से इंद्रधनुषी रंगों से खूबसूरत चित्रों को उकेर कर मूक वन्य प्राणियों की रक्षा के लिए संदेश दिया तो लोग भावविभोर हो गए। किसी ने जंगल की रानी शेरनी की दहाड़ व समझदारी के प्रतीक हाथी की चिंघाड़ और वन्य प्राणियों के आखेट और तस्करी के दर्द तो किसी ने धरती व पर्यावरण की रक्षा को चित्रित किया। किसी की ड्राइंग पर समाज और सरकार को लायन टाईगर और मयूर आदि के संर्वधन के प्रयास को जागरुक करने का पैगाम दिखा तो किसी के चटक रंग में शिकार से दम तोड़ते जानवरों की टेर दिखी।

उत्साह और खुशी के माहौल में मैत्रीबाग के कैंडल गार्डन में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के पहले दिन आज ऐसा ही मोहक विहंगम नजारा था। बीएसपी नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी विभाग द्वारा स्कूली विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीएसपी और नान बीएसपी के प्राथमिक ,मिडिल व हायर सेकंडरी स्कूलों के 7 सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया। प्रतिभागी नौनिहालों ने अपनी प्रतिभा और वाइल्ड लाइफ को लेकर अपनी समझदारी







को कैनवास पर उतारा । आयोजक व निर्णायक मंडल के साथ बड़ी तादाद में पालकों व शिक्षकों ने सभी की हौसलाआफजायी की। बच्चों को डीपीएस रिसाली की नैत्रिशा ने खूबसूरत लैंड स्कैप से वनों स्वछंद घूमते वन्य प्राणियों के संरक्षण का चित्र बनाया वहीं बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 10 की अलायना ने बेजुबां जानवरों की रक्षा करने जागरुकता को खूबसूरती से उकेरा। प्रतियोगिता के लिए बच्चों के ड्राइंग शीट उद्यानिकी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई।

बच्चों की हुई हौसलाआफजायी

मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन और सेक्टर नौ हास्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डां. गुंजन ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। आयोजन को सफल बनाने में उद्यानिकी विभाग के राजेश शर्मा, शंकर अग्रवाल, ललित कुमार, योगेश कुमार चंद्राकर,मदन लाल चंद्रा, खीरु प्रसाद,किरण ठाकुर,मदन गोपाल सिंह, प्रेम साहू, दीपिका रात्रे, लोकेश कुमार, इसायक बेग व जितेंद्र साहू को योगदान रहा। डां. जैन ने बताया कि वन्य प्राणी सप्ताह के समापन व पुरस्कार वितरण 11 अक्टूबर को मैत्रीबाग में होगा। मुख्य अतिथि ईडी पवन कुमार विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करेंगे। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत 7 व 8 अक्टूबर को प्रायमरी मिडिल स्कूल वर्ग के बच्चों के लिए 7 अक्टूबर व हायर सेकंडरी बच्चो के लिए भाषण प्रतियोगिता सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 7 में होगी।

सिटी इवेंट

विद्यार्थियों ने समझी क्राइम सीन से चार्जशीट तक जांच की प्रक्रिया



दुर्ग। भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में फॉरेंसिक साइंस विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में रोल ऑफ इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर, फ्रॉम क्राइम सीन टू चार्जशीट विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुलिस विवेचना की व्यावहारिक प्रक्रिया, घटनास्थल से साक्ष्य संकलन, केस की जांच और चार्जशीट तैयार करने तक की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी राकेश खुटेश्वर रहे। विभिन्न जिलों में लंबे समय तक कार्य करने के दौरान प्राप्त अपने अनुभवों को उन्होंने विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्होंने हत्या, बलात्कार, फांसी और आत्महत्या जैसे विभिन्न आपराधिक मामलों में जांच की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी आपराधिक मामले की जांच में घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण, साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संकलन, प्रत्यक्ष एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों का परीक्षण, गवाहों के बयान और प्रत्येक तथ्य का उचित दस्तावेजीकरण महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि जांच अधिकारी घटनास्थल से प्राप्त विभिन्न साक्ष्यों और तथ्यों को आपस में जोड़ते हुए किस प्रकार मामले की विवेचना को आगे बढ़ाता है और उसे चार्जशीट तक पहुंचाता है। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. आलोक भट्ट ने मुख्य वक्ता राकेश खुटेश्वर को शॉल और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन फॉरेंसिक साइंस विभागाध्यक्ष जयंत बारीक ने सहायक प्राध्यापक सूरज कुमार, एलिसिया रेचल एलेक्स, निकिता साहू, भूमिका सिन्हा और अश्विनी तायडे के सहयोग से किया। कार्यक्रम के अंत में डीन अकादमिक डॉ. अजय कुमार सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

धर्म लाइव

देवबलौदा के प्राचीन शिव मंदिर में चला स्वच्छता अभियान



भिलाई। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छ पर्यटन स्थल थीम पर भिलाई-चरोदा नगर निगम द्वारा देवबलौदा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर कचरा एकत्र किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

आयुक्त डीएस राजपूत ने बताया कि देवबलौदा का प्राचीन शिव मंदिर धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। यहां वर्षभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा मंदिर परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने की दिशा में अभियान चलाया गया। सफाई दल ने मंदिर परिसर में जमा कचरा, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट को हटाकर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की। नगर निगम की ओर से बताया गया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ना है। ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की नियमित साफ-सफाई से न केवल इन स्थानों की सुंदरता बढ़ती है, बल्कि बाहर से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के बीच शहर की सकारात्मक छवि भी बनती है। अभियान के दौरान नागरिकों से देवबलौदा के प्राचीन शिव मंदिर परिसर को स्वच्छ बनाए रखने और दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। लोगों ने भी अभियान में भाग लेते हुए स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान मंदिर परिसर की साफ-सफाई के साथ धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण का संदेश भी दिया गया। नागरिकों से अपील की गई कि मंदिर परिसर एवं आसपास की प्राचीन संरचनाओं को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचाएं और यहां आने वाले अन्य लोगों को भी स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए प्रेरित करें। नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कहा कि स्वच्छ पर्यटन स्थल अभियान के तहत ऐसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर नियमित रूप से स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसका उद्देश्य भिलाई-चरोदा क्षेत्र की धार्मिक एवं ऐतिहासिक पहचान को बेहतर ढंग से संरक्षित करना और देवबलौदा को स्वच्छ एवं आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

विद्यार्थियों ने शीतला मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

दुर्ग। खालसा कॉलेज दुर्ग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गतस्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत समृद्धि मार्केट दुर्ग स्थित शीतला मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की विद्यार्थियों ने सफाई की। बीएड के छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने दोपहर की तेज धूप के बावजूद मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर कचरे को एकत्र किया और उसका उचित निपटान किया। विद्यार्थियों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए ना गंदगी करेंगे, ना गंदगी करने देंगे का संकल्प भी लिया। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामुदायिक सेवा के साथ स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। कॉलेज प्रबंधन समिति ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता बोकडे ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक स्थान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसका संदेश घर-घर तक पहुंचना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता के प्रति दिखाई गई जिम्मेदारी और सामुदायिक सेवा की भावना पर प्रसन्नता व्यक्त की। स्वच्छता अभियान में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने सहयोग प्रदान किया।



● राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जगह-जगह आयोजन

गांधी जयंती पर श्रमदान का लिया संकल्प, झाड़ू लेकर सड़कों की सफाई की, स्वच्छता व स्वदेशी का दिया संदेश

दुर्ग। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित किये। उन्होंने दुर्ग के गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं डिपरापारा में आयोजित कार्यक्रम में भारतरत्न पं. लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान और आदर्शों को स्मरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि महात्मा गांधी जी सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सादगी के अद्वितीय प्रतीक थे। उनके विचार आज भी समाज और देश को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। गांधी जी ने स्वावलंबन और स्वदेशी को राष्ट्र निर्माण से जोड़ा था। आज स्थानीय उत्पादों, कारीगरों, उद्यमियों और स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहित करने के प्रयास उसी विचार को आगे बढ़ाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल की भावना गांधी जी के स्वदेशी विचारों का आधुनिक स्वरूप है। स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं और उत्पादों को अपनाने से हमारे कारीगरों, छोटे व्यापारियों और स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलता है तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को मजबूती मिलती है। गजेन्द्र यादव ने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं. लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका सादा जीवन, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और दृढ़ संकल्प आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जय जवान, जय किसान का उनका अमर नारा देश की सुरक्षा और अन्नदाताओं के महत्व को रेखांकित करता है। शास्त्री जी का जीवन हमें कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में महापौर अल्का बाघमार, पूर्व विधायक अरुण वोरा, सभापति श्याम शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



सत्या अहिंसा के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



दुर्ग। हर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनरतले महात्मा गांधी चौक एवं लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा स्थल पर दोनों की जयंती अत्यंत श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इससे पहले प्रभातफेरी निकाली गई। सत्य और अहिंसा पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेंद्र साहू, आरएन वर्मा, संजय कोहले, प्रेमलता साहू, राजेश यादव, अल्ताफ अहमद, मनीष बघेल, पोषण साहू, नासीर खोखर सहित अन्य मौजूद थे।

सांसद विजय ने अस्पताल में चलाया स्वच्छता अभियान, किया श्रमदान



भिलाई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सांसद विजय बघेल ने लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल, सुपेला परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की तथा लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा को पानी से साफ कर पुष्पमाला अर्पित की। सांसद विजय बघेल ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें फल वितरित किए। सांसद विजय बघेल ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2 अक्टूबर को देशभर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान स्वीटी कौशिक, भोजराज सिन्हा, दीपक भोण्डेकर, नरेंद्र श्रीवास्तव, शारदा गुप्ता, विशाल दीप नायर आदि उपस्थित थे।

भिलाई बिरादरी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



भिलाई। बीएसपी की इस्पात बिरादरी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती पर भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, प्रवीन निगम, पीके सरकार, कमल भास्कर, अरुण कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी और संयंत्र कार्मिक उपस्थित थे। बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र व अतिथियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रपिता को नमन किया। प्रातःकालीन प्रार्थना का संगीतमय गायन पीटी उल्लास कुमार ने किया । सर्वधर्म प्रार्थना सभा में विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने धर्मग्रंथों से पाठ किया। आचार्य जयवेद शास्त्री ने श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक, हाफ्रिज अनवर ने कुरान शरीफ, भाई महंगा सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब तथा फादर अनुपम विकास ने पवित्र बाइबिल से पाठ किया। स्नेह जोशी व अनुष्का पाण्डेय ने भजन प्रस्तुत किए। परनराज भाटिया एवं उनके साथियों ने रामधुनी प्रस्तुत किया। आभार प्रदर्शन विभाग के उपमहाप्रबंधक राजेंद्र प्रसात और संचालन सुप्रियो सेन ने किया।

महात्मा गांधी जयंती पर 150 वरिष्ठजनों का सम्मान

भिलाई। इंदिरा नगर हथखोज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर 150 वरिष्ठजनों का शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता पुरुषोत्तम देवांगन भाजपा जिलाध्यक्ष ने की। इस दौरान लाखन सिंह वर्मा, प्रेम लाल साहू, पद्मिनी साहू, विपिन चंद्राकर, राकेश बंछोर आदि उपस्थित थे।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में कार्यक्रम

आईआईटी भिलाई में हिंदी माह पर हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों ने वाद विवाद, प्रश्नोत्तरी जैसे कार्यक्रम में लिया हिस्सा



भिलाई । भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई में 1 से 30 सितंबर तक चला हिंदी माह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें संस्थान से जुड़े लगभग हर वर्ग संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, आउटसोर्स स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। एक माह में पंद्रह से अधिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ, यह अब तक का सबसे व्यापक और सफल हिंदी माह आयोजन साबित हुआ।माह के दौरान आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता, कविता पाठ, तात्कालिक भाषण तथा प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों को अपनी भाषा क्षमता और आत्मविश्वास प्रदर्शित करने का बेहतरीन अवसर दिया। उल्लेखनीय रहा कि आयोजन केवल शैक्षणिक तबके तक सीमित नहीं रहा संस्थान ने अपने आउटसोर्स स्टाफ के लिए भी विशेष रूप से निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की, जिससे हिंदी माह की भावना संस्थान के हर कोने तक पहुंची।

कार्यक्रम की शुरुआत एक सितंबर को दीप प्रज्जवलन के साथ हुई थी, जिसके बाद संस्थान में रचनात्मक लेखन को लेकर लगातार उत्साह बना रहा। वार्षिक पत्रिका के नामकरण हेतु प्रतियोगिता से लेकर स्वरचित कविता लेखन, निबंध लेखन और काव्य सम्मेलन तक हर आयोजन में विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। काव्य सम्मेलन विशेष रूप से चर्चा का विषय रहा, जहां प्रतिभागियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। माह के मध्य में आयोजित एक विशेष सत्र में केंद्र सरकार के मंत्री का संदेश साझा किया गया तथा उपस्थित सभी ने राजभाषा हिंदी को अपनाने की शपथ ली यह क्षण हिंदी माह को स्थानीय उत्सव से आगे बढ़ाकर राष्ट्रीय राजभाषा नीति से जोड़ता रहा। इसके अलावा आयोजित कार्यशाला और राजभाषा नीति पर सामूहिक चर्चा ने भी प्रतिभागियों को हिंदी के व्यापक महत्व को समझने का अवसर दिया।निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा था कि हिंदी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं भावनात्मक एकता का सशक्त माध्यम है, और इस तरह के आयोजन दैनिक जीवन में हिंदी के प्रयोग को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

महीने भर चले इस आयोजन का समापन एक भव्य समारोह के साथ हुआ, जिसमें संस्थान के सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने एक साथ मिलकर इस सफल यात्रा का उत्सव मनाया। साथ ही सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। आईआईटी भिलाई का यह हिंदी माह केवल एक संस्थागत आयोजन भर नहीं रहा, बल्कि यह दिखाने में भी सफल रहा कि देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में से एक जो छत्तीसगढ़ की धरती पर स्थित है शोध और तकनीकी उत्कृष्टता के साथ-साथ भाषा, साहित्य और संस्कृति के प्रति भी उतनी ही गंभीरता और गर्व से आगे बढ़ता है।

भिलाई इस्पात सियान सदन में आयोजन

वृद्धजन दिवस पर इस्पात बिरादरी ने वरिष्ठजनों का किया सम्मान



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा संचालित भिलाई इस्पात सियान सदन में अन्तरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वरिष्ठजनों का सम्मान, विशेष भजन कार्यक्रम तथा रहवासियों के मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार व महाप्रबंधक प्रभारी एबी श्रीनिवास तथा महाप्रबंधक मनोज दुबे थे। देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्पांजलि बाद सियान सदन परिसर के वरिष्ठजनों का गुलाब भेंट कर स्वागत किया गया। उन्हें वृद्धजन दिवस की शुभकामनाएँ दी गईं। मुख्य अतिथि ने कहा कि सियान सदन के रहवासियों के साथ व्यतीत किया समय उन्हें आत्मीयता और प्रसन्नता प्रदान करता है, जो उन्हें अपने परिवार के वरिष्ठजनों के सान्निध्य की अनुभूति कराता है। स्पोर्ट्स एवं कल्चरल ग्रुप से श्री प्रभंजय चतुर्वेदी एवं उनके दल द्वारा भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। श्री प्रभंजय चतुर्वेदी के साथ पीटीउल्लास कुमार व सुमिता सरकार ने भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति दी, जबकि तबले पर भालचंद्र शेगेकर ने संगत की। वरिष्ठ नागरिकों को उपहार प्रदान किए गए । श्री बरोड़ी, श्री बांगा व कुसुम भट्ट सहित अन्य ने प्रस्तुतियां दीं। सियान सदन में रहने वाले वरिष्ठजनों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से सभी को भावविभोर किया। सीएसआर टीम से कमल वर्मा, केवी विजयालक्ष्मी, छत्रपाल, आशुतोष सोनी व बुधेलाल साहू का योगदान रहा ।

अग्रवाल समाज का आयोजन 11 अक्टूबर तक चलेगा, समाज के प्रतिभावान होंगे सम्मानित

अग्रसेन जयंती पर सजेगा उत्सव का रंग, शोभायात्रा और महाआरती होगी खास, 4 अक्टूबर से आयोजनों की शुरुआत

कार्नर न्यूज

दुर्ग। अग्रवाल समाज दुर्ग द्वारा समाज में समानता, भाईचारा और एकता का संदेश देने वाले महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर 4 से 11 अक्टूबर तक आठ दिवसीय जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा, बनारस की गंगा आरती की तर्ज पर महाआरती, गौ सेवा-गोविंद सेवा, अग्र कर्निवल और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान प्रमुख आकर्षण होंगे। इसके साथ ही महिलाओं, युवाओं और बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं प्रतिभा आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। अग्रवाल समाज दुर्ग के अध्यक्ष ललित सेक्सरिया ने बताया कि जयंती समारोह का शुभारंभ 4 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे अग्रसेन भवन, अग्रसेन चौक में समाज के पूर्व अध्यक्षों द्वारा महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ होगा। इसी दिन शाम 6 बजे महाराजा अग्रसेन जी की महाआरती आयोजित की जाएगी। महाआरती में सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि होंगे, जबकि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।



9 को अग्र कॉर्निवाल में शामिल होंगी महापौर

अध्यक्ष ललित सेक्सेरिया व महासचिव प्रहदाल रुंगटा ने बताया कि 9 अक्टूबर को अग्र कर्निवल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुर्ग महापौर अलका बाघमार मुख्य अतिथि होंगी। 10 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग शोभराज अग्रवाल अग्र ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे। शोभायात्रा अग्रसेन भवन, अग्रसेन चौक से प्रारंभ होकर तरुण टॉकीज चौक, हरनाबांधा, फरिश्ता कॉम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट चौक, पुराना बस स्टैंड होते हुए गंजपारा पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। समारोह का उद्घाटन 11 अक्टूबर को शाम 5 बजे महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट, धमधा रोड टोल प्लाजा के पास आयोजित कार्यक्रम के साथ होगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि होंगे तथा स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव अध्यक्षता करेंगे। जयंती समारोह के अन्य कार्यक्रम अग्रसेन भवन, अग्रसेन चौक में आयोजित किए जाएंगे। समारोह में अन्य जनप्रतिनिधियों को भी अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

महिलाओं, युवाओं और बच्चों के लिए होंगी विविध प्रतियोगिताएं : जयंती समारोह के दौरान सात दिनों तक महिलाओं, युवाओं और बच्चों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए अनेक रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें चेस टूर्नामेंट, डिस्को म्यूजिकल अंधाधुन, सेव योर बैलून, अग्र फिटनेस, साइकिल रेस, ट्रेजर हंट, फ्रॉग रेस, बकेट बॉल, पाइप क्लीनर से की-रिंग बनाओ, एक डांस-दो अंदाज, पिरामिड बॉल गेम, बातों का बतंगड़, क्रिएटिव ड्राइंग, आंखों का चक्रव्यूह, हर्डल रेस, कलरिंग कॉम्पटीशन, रंगों का मायाजाल, क्ले मेकिंग, एक मुद्दा-चार अंदाज, मेमोरी गेम, अंदर कुछ-बाहर कुछ, समोसा खाओ प्रतियोगिता, गोल्डन दीवा, देखो ध्यान से-लिखो शान से, स्लिपरी बैलून, स्टैंड द बॉटल, जीत का टिकट, म्यूजिकल जेंगा, किस्मत कनेक्शन, सरप्राइज गेम, कार्डबोर्ड कार रेस, ब्रिक रेस, सहित अनेक प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

सेवाभावी कार्यों में अग्रवाल समाज की सक्रिय भागीदारी

संरक्षक कैलाश रुंगटा व गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज सदैव सेवा और सामाजिक सरोकारों के कार्यों में अग्रणी रहा है। समाज द्वारा वृद्धजनों, निर्धन विद्यार्थियों और जरूरतमंद महिलाओं की सहायता के साथ ही मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों की सेवा की जाती है। रक्तदान महादान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, वृक्षारोपण सहित विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भी समाज की सक्रिय सहभागिता रहती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में अग्रवाल समाज द्वारा मरच्युरी में शवों के लिए निःशुल्क कफन के कपड़े उपलब्ध कराने की पहल भी की गई है। उन्होंने बताया कि आठ दिवसीय समारोह को भव्य एवं व्यवस्थित रूप देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जो तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस दौरान महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, अग्रवाल समाज दुर्ग के संरक्षक कैलाश रुंगटा, गौरीशंकर अग्रवाल, महासचिव प्रहलाद रुंगटा, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पंकज कीर्तुका सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सिटी स्पोर्ट्स

राज्य स्तरीय लैक्रोस प्रतियोगिता में रायगढ़ अव्वल



रायपुर। चौथी राज्य स्तरीय लैक्रॉस प्रतियोगिता का आयोजन एनटीपीसी लारा में 26 से 28 सितम्बर तक सब जूनियर, जूनियर 27 से 29 सितंबर और सीनियर महिला एवं पुरुष वर्ग का 28 से 30 सितंबर तक आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से लैक्रॉस खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी वर्गों में रायगढ़ जिले की टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन बनी। लैक्रॉस एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ के सेक्रेटरी देव अवतार चौधरी ने बताया कि आगरा में अक्टूबर होने वाले ऑल इंडिया चैंपियनशिप के लिये इस स्पर्धा के आधार पर चयन किया जाएगा। अखिल भारतीय स्पर्धा में चयनित खिलाड़ी फ्लोरिडा अमेरिका में होने वाले अंतरराष्ट्रीय लैक्रॉस चैंपियनशिप में भाग में लेंगे।

हेमचंद विश्वविद्यालय के नए खेल निदेशक बने डॉ. नंदेश्वर



दुर्ग। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में डॉ. मुन्ना लाल नंदेश्वर को विवि का नया खेल निदेशक बनाया गया है। उनसे पहले डॉ. दिनेश कुमार नामदेव खेल निदेशक का प्रभार संभाल रहे थे। अब उनके स्थान पर डोंगरगढ़ कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नंदेश्वर को जवाबदारी सौंपी गई है। डॉ. नामदेव विवि अब पाटन कॉलेज में क्रीड़ा अधिकारी का दायित्व संभालेंगे। वहीं डॉ. नंदेश्वर उनके स्थान पर नए खेल निदेशक का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय तिवारी, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।


राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सशिमं की छात्राओं की उपलब्धि





रायपुर। विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर गंडई (कवर्धा) की छात्राओं ने खेल एवं योग के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी जगह बनाई है। विद्यालय की चार छात्राओं का चयन राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए, जबकि एक छात्रा का चयन राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए प्रेमा जंघेल, योगिता देवांगन, तनिया साहू और लिकेश्वरी साहू का चयन हुआ है। इस राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक होजाई, असम में किया जाएगा। चयनित छात्राएं प्रतियोगिता में गंडई एवं अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसी तरह वहीं विद्यालय की छात्रा संजना जंघेल ने एथलेटिक्स के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है,यह प्रतियोगिता 1 नवंबर से 5 नवंबर तक गाजियाबाद में आयोजित की जाएगी।

एसजीएफआई की राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए नेटबॉल खिलाड़ी तैयार



रायपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परखंदा-धमतरी के 06 छात्रों का चयन नेटबॉल अंडर 19 स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु हुआ है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू ने बताया कि दामोदर, पीयूष कुमार, योगेश कुमार, योगिता, सुशीला यादव, कृतिका कुमार का चयन हुआ है.खेल शिक्षक गोपाल कुमार साहू ने बताया की उक्त स्पर्धा 03 से 07 अक्टूबर तक आयोजित होंगी। इस अवसर पर शाला विकास समिति का अध्यक्ष रमन साहू, उपाध्यक्ष टेक राम साहू, ग्राम के सरपंच माधुरी मोहित साहू , जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला क्रीड़ा अधिकरी शकीला देवदास, खेल अधिकारी जगतपति देव साहू, विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार बैस, बी.आर.सी.सी. कुलेश्वर सिन्हा, संकुल सनमयक टोमन लाल ध्रुव, व्यायाम शिक्षक गोपाल कुमार साहू ने बधाई दी है।

बारिश की विदाई और ठंड के आगमन पर संक्रामक बीमारियों का रहता है खतरा, उठाएं जरूरी कदम

इस बदलते मौसम में रखें अपना और अपनों का ध्यान, सावधानी बरतने से सेहत भी रहेगी बेहतर

सितंबर को पीछे छोड़ अक्टूबर के महीने ने अपना सफर शुरू कर दिया है। ऐसे में मौसम ने भी करवटें बदलनी शुरू कर दी है। अगर आप अपना ध्यान रखना चाहते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना शुरू कर दें। अक्टूबर का महीना शुरू होते ही मौसम में बदलाव महसूस होने लगा है। दिन में गर्मी और सुबह-शाम हल्की ठंडक के बीच तापमान में उतार-चढ़ाव लोगों की सेहत को प्रभावित कर सकता है। बदलते मौसम में कई लोगों को सर्दी-जुकाम, खांसी, गले में खराश, एलर्जी और थकान जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

खासतौर पर बच्चे, बुजुर्ग और पहले से किसी स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे लोगों को इस दौरान अपनी सेहत को लेकर ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत होती है। अगर आप भी बदलते मौसम में बार-बार बीमार पड़ते हैं, तो कुछ छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर अपनी सेहत का बेहतर ध्यान रख सकते हैं। आइए जानते हैं मौसम बदलने पर किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। बदलते मौसम में इन बातों का रखें ध्यान रखना चाहिए।

पर्याप्त पानी पिएं

मौसम थोड़ा ठंडा होने पर प्यास कम महसूस हो सकती है,



लेकिन शरीर को पर्याप्त तरल पदार्थ की जरूरत बनी रहती है। इसलिए दिनभर पर्याप्त पानी पीते रहें।

खान-पान का रखें ध्यान



इस मौसम में ताजे फल, सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और प्रोटीन से भरपूर संतुलित आहार लें। बहुत ज्यादा तला-भुना और अत्यधिक मीठा खाना सीमित करना बेहतर है।

कपड़ों का रखें ध्यान

सुबह और रात के समय तापमान कम हो सकता है, जबकि दिन में गर्मी महसूस हो सकती है। ऐसे में मौसम के अनुसार कपड़े पहनें और जरूरत पड़ने पर हल्के गर्म कपड़े साथ रखें।

नींद पूरी करें

बदलते मौसम में शरीर को आराम देना जरूरी है। रोज पर्याप्त नींद लेने की कोशिश करें और सोने-जागने का समय नियमित रखें।

एलर्जी से बचें

धूल, धुआं और परागकण कुछ लोगों में एलर्जी की समस्या बढ़ा सकते हैं। अगर आपको एलर्जी की शिकायत रहती है, तो ऐसे वातावरण से बचने की कोशिश करें।

घर की साफ-सफाई रखें

घर में धूल जमा न होने दें। बिस्तर, पर्दे और कालीन



आदि की नियमित सफाई करें, खासकर अगर घर में किसी को धूल से एलर्जी है।

हाथों की सफाई का ध्यान रखें

मौसमी संक्रमण से बचने के लिए नियमित रूप से हाथ धोना जरूरी है। खासकर खाना खाने से पहले और बाहर से घर लौटने के बाद हाथ अच्छी तरह साफ करें।

किन लोगों को ज्यादा सावधान रहना चाहिए?

बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और अस्थमा या अन्य सांस संबंधी समस्याओं वाले लोगों को मौसम बदलने के दौरान विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। अगर लगातार तेज बुखार, सांस लेने में परेशानी, सीने में दर्द या अन्य गंभीर लक्षण दिखाई दें, तो डॉक्टर से सलाह लें।

वास्तु अनुसार घर के लिविंग एरिया में लगाएं पेंटिंग, घर में आएगी पॉजिटिविटी

लिविंग एरिया किसी भी घर में एक खास महत्व रखता है। घर के इस स्थान पर हम सभी अपनी फैमिली के साथ बैठकर एक अच्छा वक्त बिताते हैं। इतना ही नहीं, घर में आने वाला हर व्यक्ति लिविंग एरिया में ही बैठता है। ऐसे में जब यह स्थान खूबसूरत दिखता है तो आने वाले मेहमान के मन में भी पॉजिटिविटी आती है।

अमूमन हम सभी अपने लिविंग एरिया को सजाने के लिए तरह-तरह शोपीस आदि का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इस एरिया को डेकोरेट करने के लिए पेंटिंग्स को दीवार पर लगाना काफी अच्छा माना जाता है। आप भी यकीनन लिविंग एरिया को पेंटिंग्स की मदद से सजा सकती हैं।


हालांकि, अगर इस दौरान वास्तु के नियमों का ध्यान रखा जाए तो इससे घर में पॉजिटिविटी आती है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ। आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि लिविंग एरिया में पेंटिंग लगाते समय आप किन बातों का ख्याल रखें-

उत्तर दिशा में लगाएं पानी के पोस्टर

जब आप अपने लिविंग एरिया को डेकोरेट कर रही हैं तो आप उसकी उत्तर दिशा में पानी के पोस्टर को लगा सकती हैं। इस दिशा में चलते हुए पानी, नदी, समुद्र या फिर तैरती हुई कश्ती आदि के पोस्टर व पेंटिंग्स आदि को लगा सकती हैं। इस तरह के पोस्टर लिविंग एरिया में पॉजिटिविटी लेकर आते हैं।

पूर्व दिशा में लगाएं जंगल के पोस्टर

वहीं लिविंग एरिया की पूर्व दिशा में जंगल के पोस्टर लगाए जा सकते हैं। इस दिशा में हरे-भरे घास के मैदान या फिर रेनबो आदि के पोस्टर लगा सकते



हैं। इस तरह के पोस्टर लगाने से आपका मन प्रफुल्लित होता है। अगर आप चाहें तो इस दिशा में धार्मिक चिन्ह जैसे ओम् या स्वास्तिक आदि को लगा सकते हैं। लेकिन इस दौरान यह ध्यान रखें कि उस पोस्टर में भगवान की तस्वीर नहीं होनी चाहिए।

दक्षिण दिशा में लगाएं बिल्डिंग के पोस्टर

जब बात दक्षिण दिशा की होती है तो लिविंग एरिया की इस दिशा में आपको ऐसी तस्वीरें लगानी चाहिए, जो भारीपन का अहसास करवाएं। आप इस दिशा में ऊंची-ऊंची बिल्डिंग या फिर ऊंची-ऊंची पहाड़ियों की तस्वीरें लगा सकते हैं। यह पोस्टर इस दिशा की नेगेटिविटी को कम करने में मदद करते हैं। आप दक्षिण दिशा के बिल्कुल मध्य में एफिल टॉवर का पोस्टर लगा सकते हैं।

बची हुई इडली से बना सकती हैं क्रिस्पी पकौड़े

कई बार ऐसा होता है कि इडली बच जाती है और दोबारा इसे खाने का मन नहीं करता। ऐसे में इडली को फेंके नहीं, बल्कि कुछ मजेदार ट्राई करें। आप बची हुई इडली से क्रिस्पी पकौड़े तैयार कर सकते हैं। पकौड़े बनाना बहुत ही आसान है बस आपको नीचे बताए गए टिप्स to फॉलो करना होगा।

विधि : सबसे पहले 1 इडली के 4 टुकड़े कर लें। साथ ही, ऊपर बताई गई सभी सामग्री को तैयार करके रख लें। अब एक बाउल में 4 चम्मच मैदा, 4 चम्मच बेसन, स्वादानुसार नमक, 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर और 3



हरी मिर्च काट लें। फिर धीरे-धीरे पानी डालकर बैटर तैयार कर लें। इस बात का ध्यान रखें कि बैटर ज्यादा पतला ना हो और 5 मिनट तक घोल को ढककर रख दें।

इस दौरान एक कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रख दें। जब तेल गर्म हो जाए, तो बैटर में इडली डालकर फ्राई कर लें। इसी तरीके से हम सारी इडली को घोल में डालकर दोनों तरफ से फ्राई कर लेंगे। इस दौरान आंच तेज रखनी है, वर्ना इडली क्रिस्पी (पनीर से बनती है 15 मिनट में इडली) नहीं होंगी। फ्राई करने के बाद इडली को एक बाउल में निकालें और गरम-गरम अपने पसंद की चटनी के साथ सर्व करें।



दफ्तर में कभी न करें ऐसा काम जिससे बिगड़ जाए आपकी छवि

दफ्तर में लगभग 8 से 9 घंटे व्यय करते हैं। इस दौरान दफ्तर के अंदर आपकी एक अलग लाइफस्टाइल बन जाती है। इस दौरान आपका प्रोफेशनल बर्ताव बॉस समेत सहकर्मियों को भी प्रभावित करता है। इसका असर आपके कामकाज और तरक्की पर भी होता है।

दफ्तर में आपका व्यवहार और काम करने का तरीका आपकी छवि को बनाता और बिगाड़ता है। एक सकारात्मक छवि न केवल सहकर्मियों और बॉस पर अच्छा प्रभाव डालती है, बल्कि आपके करियर को भी आगे बढ़ाने में मदद करती है। वहीं, कुछ गलतियां आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती हैं और आपकी छवि को खराब कर सकती हैं। दफ्तर में आपका हर काम और व्यवहार आपकी छवि का प्रतिबिंब होता है। इसलिए, प्रोफेशनल माहौल में अनुशासन, ईमानदारी और सकारात्मकता बनाए रखना बेहद जरूरी है। याद रखें, एक अच्छी छवि आपके करियर की सफलता की कुंजी है। इस लेख में हम उन आदतों और कामों पर चर्चा की जा रही है,जिन्हें दफ्तर में करने से बचना चाहिए।

समय पर दफ्तर न पहुंचना

दफ्तर पहुंचने में रोज ही देर करते हैं तो इससे आपकी



कार्यक्षमता पर सवाल उठते हैं। साथ ही आपके अनुशासनहीन होने का भी संकेत देता है। समय पर न पहुंचने से सहकर्मी और बॉस दोनों ही आपसे नाराज हो सकते हैं।

अनावश्यक गॉसिप करना

गॉसिप करना किसी भी दफ्तर का हिस्सा हो सकता है, लेकिन इसमें अति करना आपकी छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। खासकर दूसरों की आलोचना या ऑफिस की गोपनीय जानकारी साझा करना आपकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर सकता है।

काम को टालना

दफ्तर में काम को टालने की आदत आपको आलसी और गैर-जिम्मेदार साबित कर सकती है। इससे न केवल आपकी छवि खराब होती है, बल्कि आपके सहकर्मी भी परेशान हो सकते हैं, क्योंकि आपकी देरी उनके काम को भी प्रभावित कर सकती है।

सहकर्मियों के काम का क्रेडिट लेना

कई बार बॉस के सामने अपना इंप्रेशन बनाने के लिए लोग टीम वर्क का क्रेडिट या सहकर्मी के काम का श्रेय ले लेते हैं। इसके अलावा दूसरों के काम व मेहनत को छोटा दिखाने की कोशिश करते हैं। इससे आपके टीम वर्क स्किल पर सवाल उठ सकते हैं। साथ ही आपकी ये आदत सहकर्मियों के बीच आपको अप्रिय बना सकती है।



कार्नर न्यूज

योग के दौरान छोटी-छोटी गलतियां पड़ सकती हैं भारी

योग से बनती है सेहत, इसलिए गलतियां पर पूरा ध्यान दें और तुरंत करें इसमें सुधार

हम खुद को स्वस्थ रखने के लिए क्या कुछ नहीं करते। अच्छा आहार लेते हैं, जिम जाते हैं, सुबह जल्दी उठते हैं और रात को समय पर सोते हैं और योग भी करते हैं आदि। बात अगर योग की करें, तो बीते कुछ सालों में योग के प्रति लोगों की रूचि काफी बड़ी है। जहां एक तरफ कई लोग अपने घरों पर ही योग करते हैं, तो कई लोग योगा टीचर से योग करना सीखते हैं। वहीं, योग करने से हमारे शरीर को लाभ भी मिलता है और हमारा शरीर फिट रहता है। वहीं, इन सबके बीच अगर आप योग करना शुरू कर रहे हैं, तो आपके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपको इसका नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। तो चलिए जानते हैं योगासन करते समय कौन-कौन सी बातों का ध्यान रखना चाहिए। योग करने वाले इन बातों का रखें ध्यान।

समय का पूरा ध्यान रखें

योग करने का एक समय होता है। दोपहर या रात के समय योग नहीं करना चाहिए। दरअसल, योग करने का सबसे सही समय ब्रह्म मुहूर्त को माना जाता है क्योंकि इस समय एक तो नींद



लेने के बाद शरीर काफी रिलेक्स होता है और दूसरा पेट भी हल्का होता है। इसलिए समय का ध्यान रखना चाहिए।

पानी पीने का नियम बनाएं

आप अगर योग कर रहे हैं, तो ध्यान रखें की इस दौरान पानी पिएं। योग करते समय शरीर में धीरे-धीरे उष्मा का स्तर बढ़ता है। ऐसे में अगर कोई ठंडे पानी का सेवन कर ले, तो उष्मा के स्तर में तेजी से गिरावट हो सकती है। साथ ही इससे एलर्जी, जुकाम और कफ की समस्या हो सकती है। इसलिए योग करने के 15 मिनट बाद ही पानी पिएं।

नियमित करें योग

कई लोग सोचते हैं कि हमने आज योग कर लिया, तो हमें इसका लाभ कल से ही मिलने लगेगा। ऐसे में वो कुछ दिन योग करने के बाद सोचते हैं कि इसका कुछ फायदा नहीं हो रहा और वे योग करना छोड़ देते हैं। जबकि योग का असर धीरे-धीरे करके और लंबे समय तक दिखाई देता है।

पूरा वक्त दें योग के लिए

कई लोग योग तो करते हैं, लेकिन जल्दबाजी में। जबकि, ऐसा नहीं करना चाहिए। दरअसल, योग से आपको मानसिक तौर पर जुड़ना पड़ता है। योग करते वक्त पूरा समय दें और पूरी चेतना के साथ इसका अभ्यास करें। इसके बाद ही आपको पूरी तरह इसका लाभ मिल सकता है।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

बड़े पर्दे पर फिर लौटा 'रेजिडेंट एविल' का खौफ, नए अंदाज में दिखी डरावनी कहानी



अस्पताल के बंद कमरों में जीवन और मौत का भयानक संघर्षविश्व प्रसिद्ध वीडियो गेम पर आधारित लोकप्रिय फिल्म श्रृंखला 'रेजिडेंट एविल' एक बार फिर नए स्वरूप में दर्शकों के सामने है। हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए यह खबर बेहद रोमांचक है क्योंकि इस बार की कहानी अधिक गंभीर, खौफनाक और जीवित रहने के संघर्ष पर केंद्रित है। पिछले महीने रिलीज यह फिल्म धूम मचा रही है।

अस्पताल में फैले जानलेवा विषाणु की कहानीइस नई फिल्म का मुख्य घटनाक्रम रैकून शहर के एक बड़े अस्पताल पर आधारित है। कहानी में अस्पताल के भीतर अचानक फैले एक खतरनाक विषाणु और उसमें फंसे लोगों की जान बचाने की जद्दोजहद दिखाई गई है। सीमित साधनों और चारों तरफ मंडराते खतरे के बीच का यह सस्पेंस दर्शकों को अंत तक बाँधे रखता है। फिल्म का मार्गदर्शन जाने-माने निर्देशक जैक क्रेगर कर रहे हैं। डरावनी और सस्पेंस फिल्मों के निर्माण में माहिर जैक क्रेगर से उम्मीद थी कि वे इस श्रृंखला को अधिक यथार्थवादी और गहरा प्रभाव देने में सफल होंगे। उनका प्रयास दर्शकों को सीधे रैकून शहर के उस भयानक माहौल का अहसास कराना था। 'रेजिडेंट एविल' की पहचान शुरुआत से ही सर्वाइवल हॉरर के रूप में रही है। इस नए निर्माण के जरिए निर्माता ने मूल खेल के उसी मूल खौफ और रोमांच को दोबारा बड़े पर्दे पर लाने का प्रयास किया है।

टॉलीवुड

विजय और जोस की 'बत्था' रिलीज, अस्सी के दशक के बैकड्रॉप पर बनी कहानी




तमिल सिनेमा के मशहूर अभिनेता विजय सेतुपति और 'जय भीम' से चर्चा में आईं अभिनेत्री लीजोमोल जोस की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'बत्था' दुनियाभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो चुकी है। 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म अपनी मजबूत कहानी, पुराने दौर के पहनावे और सस्पेंस से भरपूर घटनाक्रम के कारण दर्शकों का ध्यान खींच रही है। बालाजी तरणीथरन और विजय सेतुपति की सफल हैट्रिकफिल्म 'बत्था' का निर्देशन अनुभवी निर्देशक बालाजी तरणीथरन ने किया है। निर्देशक तरणीथरन और विजय सेतुपति की साथ में यह तीसरी फिल्म है। इससे पहले यह जोड़ी 'नदुवुला कंचम पक्काथा कानोम' और 'सीथाकाथी' जैसी सफल और सराही गई फिल्मों में साथ काम कर चुकी है। इस हिट जोड़ी की वापसी से सिनेमा जगत को काफी उम्मीदें हैं। फिल्म निर्माता एटली के बैनर का मिला सहयोगइस फिल्म का एक और मुख्य आकर्षण इसका निर्माण और प्रदर्शन है। इस प्रोजेक्ट को प्रसिद्ध निर्देशक व निर्माता एटली की कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर बेहतरीन कंटेंट पेश करने वाले एटली के जुड़ने से इस फिल्म का स्तर और भी बेहतर हो गया है। अस्सी के दौर का अपराध और यादगार अभिनय फिल्म का ताना-बाना 1980 के दशक में फैले अपराध और न्याय की जंग के इर्द-गिर्द बुना गया है। अपनी खास और स्वाभाविक अभिनय शैली से एक बार फिर अपने किरदार में जान डालते दिख रहे हैं। अपने पिछले काम की तरह इस बार भी एक बेहद सशक्त और भावुक भूमिका में नज़र आ रही हैं। पुराने दौर पर आधारित होने के कारण फिल्म की छायांकन, सेट निर्माण और पृष्ठभूमि संगीत में अस्सी के दशक की झलक साफ दिखाई देती है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।

भोजपुरी

'निरहुआ हिंदुस्तानी 5' का फिल्मांकन पूरा विदेश की खूबसूरत वादियों में नया कीर्तिमान

भोजपुरी सिनेमा की सबसे मशहूर और सफल श्रृंखला 'निरहुआ हिंदुस्तानी' का पांचवां भाग 'निरहुआ हिंदुस्तानी 5' जल्द ही दर्शकों के बीच आ रहा है। फिल्म का निर्माण कार्य और शूटिंग पूरी हो चुकी है, जिससे भोजपुरी फिल्मों के दर्शकों में काफी उत्साह है। फिर जमेगी पसंदीदा कलाकारों की जोड़ीभोजपुरी जगत की पसंदीदा जोड़ी दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और आम्रपाली दुबे एक बार फिर मुख्य भूमिकाओं में लौट रहे हैं। इस श्रृंखला के हर भाग में दर्शकों ने इस जोड़ी को भरपूर प्यार दिया है। पांचवें भाग में भी दोनों कलाकार एक नई पारिवारिक कहानी और मनोरंजन के साथ दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। विदेशी स्थलों पर हुआ बड़े पैमाने पर फिल्मांकन'निरहुआ हिंदुस्तानी 5' की सबसे बड़ी खासियत इसका निर्माण स्तर है। फिल्म का एक मुख्य हिस्सा विदेशों की सुंदर लोकेशन्स पर फिल्माया गया है। भोजपुरी सिनेमा के इतिहास में किसी एक श्रृंखला के लिए विदेशी धरती पर इस पैमाने पर काम करना एक नया रिकॉर्ड माना जा रहा है। लंदन और अन्य खूबसूरत जगहों पर शूट किए गए गानों और दृश्यों को लेकर दर्शकों में भारी उत्सुकता है। पारिवारिक मनोरंजन और संस्कृति का अनूठा मेलनिर्माताओं के अनुसार, फिल्म में पारंपरिक भोजपुरी पारिवारिक मूल्यों और आधुनिक माहौल का बेहतरीन संतुलन देखने को मिलेगा। हास्य, अभिनय, भावना और मधुर संगीत से सजी यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों का मनोरंजन करेगी।



गैलियानो की चमक

रंग-बिरंगे परिधान में मॉडल चेज़ सुई वंडर्स का शानदार अंदाज दिखा। लंदन में आयोजित फैशन कार्यक्रम में वंडर्स बहुरंगी सितारों और झालरदार कारीगरी से सजे गाउन में आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। मेसन मार्गिएला के विशेष संग्रह से लिया गया यह परिधान मशहूर फैशन डिजाइनर जॉन गैलियानो द्वारा तैयार किया गया है। यह पोशाक कला और आधुनिक फैशन के सुंदर तालमेल को दर्शाती है, जिसे विशेषज्ञों और प्रशंसकों ने काफी सराहा है।



डेली वियर से लेकर पार्टी लुक के लिए पहनें जा सकते हैं सुई-धागे वाले डिजाइन के इयररिंग्स

फैशन के बदलते दौर में कुछ डिजाइंस आज भी एवरग्रीन पहनने पसंद किए जाते हैं। इसी तरह से सुई-धागा के डिजाइन हमेशा पसंद किए जाते हैं। डेली वियर के लिए पार्टी लुक के लिए इसमें आपको गोल्ड, सिल्वर, डायमंड व आर्टिफिशियल डिजाइन में कई तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी। इन इयररिंग्स में आपको झुमकी के साथ में भी काफी डिजाइंस देखने को मिलेंगे। तो आइए देखते हैं सुई-धागा इयररिंग्स की कुछ खूबसूरत डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन गोल्ड इयररिंग्स को स्टाइलिश बनाने के कुछ आसान टिप्स-

चेन डिजाइन सुई-धागा इयररिंग्स

अगर आप वेस्टर्न से लेकर इंडो-वेस्टर्न या एथनिक लुक में कानों में सुई-धागा पहनना चाहती हैं तो इस तरह से चेन वाले डिजाइन के इयररिंग्स अपने लिए चुन सकती हैं। देखने में इसा तरह का डिजाइन हर तरह के फेस शेप को सटल लुक देने का काम करता है।

झुमकी डिजाइन सुई-धागा इयररिंग्स

झुमकी इयररिंग्स हम सभी के चेहरे पर बेहद खूबसूरत लुक देने का काम करती है। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस और साइज देखने को मिल जाएंगे। कोशिश करें कि इस तरह के इयररिंग्स में पार्टी लुक के लिए आप डबल झुमकी स्टाइल सुई-धागा इयररिंग्स को चुनें।



फ्लोरल डिजाइन सुई-धागा इयररिंग्स

फ्लोरल में आपको सिंपल फूल और पत्तियों के अलावा लोटस यानी कमल के फूल के डिजाइंस में भी कई तरह के सुई-धागा इयररिंग्स देखने को मिल जाएंगे। इसमें आपको पर्ल के साथ में काफी सटल कलर ऑप्शन और मिनिमल लुक वाले डिजाइंस भी मिलेंगे।

कूल लुक के लिए जींस के साथ वियर करें न्यू डिजाइंस वाले टॉप



आउटिंग और ऑफिस में महिलाएं जींस पहनना पसंद करती हैं। जींस में जहां वो कंफर्टेबल रहती हैं तो वहीं स्टाइलिश भी नजर आती है। लेकिन अगर आप कूल चाहती हैं तो आप जींस के साथ ये न्यू डिजाइंस वाले टॉप का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ फ्लोरल टॉप दिखा रहे हैं जो आप जींस के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। इस तरह के टॉप में जहां आप कूल नजर आएंगी तो वहीं आप खूबसूरत भी लगेंगी।



फ्लोरल ए-लाइन टॉप

जींस के साथ कूल लुक के लिए आप इस तरह के फ्लोरल ए-लाइन टॉप का चुनाव कर सकती हैं। यह फ्लोरल ए-लाइन टॉप कॉटन में है और सिंपल लुक पाने के लिए ये टॉप बेस्ट है। इसे आप 500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं जो कि आपको बाजार या ऑनलाइन दोनों ही जगहों पर आसानी से मिल जाएगा। इस टॉप को व्हाइट, ब्लू और ब्लैक डेनिम के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

शॉर्ट स्लीव फ्लोरल टॉप


यह शोर्ट स्लीव्स वाली फ्लोरल टॉप भी आप ऑफिस या आउटिंग के दौरान वियर कर सकती हैं। यह टॉप पॉलिएस्टर फैब्रिक में है और इसमें बेहद ही खूबसूरत फ्लोरल डिजाइन बनाया गया है।



स्लिक हेयर बेक स्टाइल के लिए करनी होती है खास तैयारी

स्लिक हेयर बेक लुक में आपने कई हीरो को देखा होगा। लेकिन बालों को सिर्फ पीछे कर लेने से ही ये स्टाइल नहीं बन जाता है। बल्कि इसके लिए कुछ तैयारी भी करनी होती है। ताकि ये स्टाइल कुछ देर तक तो रुके ही।

इसके लिए बालों को स्टाइल देने के दौरान भी कुछ टिप्स फॉलो करने होंगे। इतना ही नही ये स्टाइल देने के पहले भी कुछ टिप्स आजमा लिए जाएं तो ये स्टाइल कैरी करना आसान हो जाता है। इसके लिए क्या-क्या करना होगा जानिए- बालों को धोने के बाद इन्हें हवा में सूखने न दें। बल्कि इन्हें टॉवल से बस पोंछ दें। दरअसल हल्के गीले बालों में स्टेलिंग प्रोडक्ट अच्छे से एक्टिवेट हो पाते हैं। बाल ग्रीसी न हों, याद रखें क्योंकि बाल जितने ज्यादा ग्रीसी होंगे इनका स्टाइल उतनी ही जल्दी खराब होता जाएगा। इस हेयर स्टाइल के लिए बड़े दांतों वाला कंघा ही इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से पीछे की ओर जाते हैं। अब कंघे को शुरू में रूट से पीछे की ओर न ले जाएं। बल्कि शुरू में इन्हें बालों के अंत की ओर से चलाएं। इसके बाद धीरे-धीरे रूट से कंघा चलाना शुरू



करें। अब बालों को थोडा आराम दें। ये कुछ देर में अपनी जगह सेट हो जाएंगे। बालों को पूरी तरह ब्लो ड्राय न करें। इससे बालों को स्ट्रेट होने में मदद मिलेगी। अब आप चाहें तो बालों को स्ट्रेट या अपनी जगह स्टिक रखने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्रोडक्ट को बालों के बाहर की ओर लगाएं। इनको 15 से 20 सेकंड के लिए सेटेल होने दीजिए।

अब अपने हाथों को बालों के ऊपर चलाएं ताकि प्रोडक्ट पूरे सिर पर आसानी से फैल सके। प्रोडक्ट के हाथों में लग जाने का डर है तो हल्के गर्म पानी में हाथों को डुबो लें और फिर बालों में प्रोडक्ट को डिस्ट्रीब्यूट करें।

आंखों में रोजाना काजल लगाने के नुकसान भी, जानना जरूरी

रोजाना काजल लगाने वाली महिलाओं को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि आप अच्छी गुणवत्ता वाले, नेचुरल और हाइपोएलर्जेनिक उत्पादों से बने काजल का इस्तेमाल कर रहीं हैं। ये थोड़े महंगे जरूर आएंगे, लेकिन इनसे आंखों को ज्यादा खतरा नहीं रहेगा। यदि आप ऐसा नहीं करेंगी तो आंखों को खतरा बना रहेगा। यहां आंखों में रोजाना काजल लगाने के पांच बड़े नुकसान बताए जा रहे हैं, जिनके बारे में हर किसी को पता होना चाहिए।

इंफेक्शन का खतरा

बाजार में मिलने वाले काजल का इस्तेमाल अगर आप कभी-कभार कर रहे हैं, तब तो ठीक है, लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से इंफेक्शन का खतरा हो सकता है। दरअसल, काजल में हानिकारक रसायन या बैक्टीरिया हो सकते हैं, जो आंखों में संक्रमण का कारण बन सकते हैं। ऐसे में अगर काजल इस्तेमाल कर भी रहे हैं, तो इसकी क्वालिटी का खास ध्यान रखें।

बहुत से लोगों को ये नहीं पता होता है कि काजल से आंखों में एलर्जी भी हो सकती है। दरअसल, बाजार में



मिलने वाले कई काजल में ऐसे रसायन तत्व होते हैं जो आंखों में एलर्जी का कारण बन सकते हैं। इससे आंखों में सूजन, लालिमा और जलन हो सकती है। ऐसे में यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है तो काजल कि इस्तेमाल से बचें। संवेदनशील त्वचा वाले लोगों की आंखें और भी ज्यादा संवेदनशील होती हैं।

कार्नर न्यूज

लंबी और स्टाइलिश बियर्ड रखने वाले लोगों के लिए फैशन है

चेहरे पर रौनक चाहिए तो शान से बढ़ाईए बियर्ड, इसका सही तरीका भी जान लीजिए

लंबी और स्टाइलिश बियर्ड रखने वाले लोगों के लिए फैशन है। लेकिन ये उन लोगों के लिए समस्या है, जिन्हें बियर्ड नहीं आती है। लेकिन कोई भी ये उम्मीद नहीं कर सकता है कि रातों-रात उसकी दाढ़ी घनी और हेल्दी हो जाएगी। बियर्ड को सही केयर और नियमित पोषण की जरूरत पड़ती है। इस काम को पूरा करने और फेशियल हेयर को पोषण देने के लिए ही बियर्ड ऑयल का इजाद किया गया था। ऐसी कई रिसर्च मौजूद हैं, जिनमें ये बात साबित हुई है कि, बियर्ड ऑयल, फेशियल हेयर ग्रोथ को बढ़ाने में मदद करते हैं।सही तरीके से इस्तेमाल करने पर आप भी फायदे उठा सकते हैं और शानदार बियर्ड के मालिक बन सकते हैं।

क्या बियर्डमैन बनना मुश्किल है?

बियर्ड केयर में लगने वाला समय, ग्रूमिंग टेक्निक और धैर्य, ये तीनों ही चीजें हर किसी के पास मिलना बहुत मुश्किल है। लेकिन अगर ये किसी इंसान के पास हैं तो, वो आराम से बियर्ड मैन बन सकता है।



बियर्ड ऑयल क्या है?

बियर्ड की हेल्दी ग्रोथ के लिए बियर्ड को नम और मुलायम बनाए रखना बहुत जरूरी है। इस काम के लिए ही लोग बियर्ड ऑयल का प्रयोग करते हैं। बियर्ड ऑयल एक कंडीशनिंग प्रोडक्ट है, जिसका प्रयोग लोग दाढ़ी की ग्रूमिंग में करते हैं।

बियर्ड ऑयल, बढ़ रहे बालों को मुलायम बनाता है। ये स्किन को मुलायम बनाता है जिसकी वजह से बियर्ड की ग्रोथ अच्छी होती है। इस तरह की बियर्ड को ही साफ-सुथरी और वेल ग्रूम्ड बियर्ड माना जाता है।

बियर्ड ऑयल का इस्तेमाल कैसे करें?

जब आप किसी प्रोफेशनल की तरह बियर्ड को बढ़ाना चाहें तो, कोई भी बियर्ड ऑयल यूं ही खरीद लेने से कोई चमत्कार नहीं होने वाला है। कम समय में बेस्ट रिजल्ट पाने के लिए आपको उसे सही ढंग से लगाना होगा। अब मैं इससे जुड़े कुछ टिप्स आपको दे रहा हूं, जिनका इस्तेमाल भविष्य में बियर्ड ग्रोथ ऑयल लगाते समय कर सकते हैं।

बियर्ड ऑयल लगाने से पहले चेहरे को हमेशा अच्छी तरह से धोएं। खासतौर पर तब जब आपने बियर्ड बढ़ाना शुरू ही किया हो। इसे स्किन के रोमछिद्र खुल जाते हैं और स्किन तेल को अच्छी तरह से सोख पाती है। चेहरे के बियर्ड वाले हिस्से पर तेल नियमित रूप से लगाएं। इसे स्किन के अन्य हिस्सों पर लगाने से बचें। अब इसमें लगातार चेहरे पर लगाने से क्या फायदे होते हैं, ये बात सभी जानते हैं, लेकिन बात वही है कि असल फायदे उसे ही मिल पाते हैं जो नियमित रूप से इसे लगाता रहता है।

दिन के बाकी अन्य कामों की तरह ही बियर्ड ग्रूमिंग का टाइम भी सेट करें। इस काम के लिए आप किसी एप या रिमाइंडर एप की मदद भी ले सकते हैं। इससे आपकी बियर्ड कभी भी अपने न्यूट्रीशन के टाइम को मिस नहीं करेगी

